हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–254 : जौनपुर, सोमवार 17 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल के सरबराह मौलाना तौकीर नें कांग्रेस को दिया समर्थन : अल्पसंख्यकों का हित सिर्फ कांग्रेस में सुरक्षित

आर एल पाण्डेय लखनऊ : दिनांक 17 जनवरी 2022 सोमवार को हिन्दुस्तान की मशहूर व मारूफ सियासी और समाजी शख्सियत, इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल के सरबराह, बरेली शरीफ, उत्तर प्रदेश के हजरत मौलाना तौकीर अहमद रजा खां साहिब ने लखनऊ स्थित नेहरू भवन, प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पांचो प्रदेशो में होने वाले विधानसभा चुनाव में इण्डियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशियों के समर्थन का ऐलान किया। उनके इस समर्थन का स्वागत करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा यह समर्थन आने वाले दिनों में यूपी कांग्रेस की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर हजरत मौलाना तौकीर अहमद रजा खां ने कहा कि इन चुनावी प्रदेशो और देश में भी अमन व अमान की बहाली, संविधान की रक्षा, पिछड़ो, दलितो, शोषितो एवं वंचितो और अल्पसंख्यको के साथ–साथ युवाओं और किसानो की रक्षा एवं खुशहाली इस समय मात्र कांग्रेस रहनुमा जनाब राहुल गाँधी जी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी श्रीमती प्रियंका गाँधी जी के नेतृत्व में ही सम्भव है। तौकीर अहमद रजा खां ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए श कहा कि मैंने चुनाव में शामिल तमाम सियासी पार्टियों के नेताओं से मुस्लिम समाज की समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें अपने घोषणा पत्र में तथा पार्टी की बैठकों में इन समस्याओं पर चिंतन करने के लिए कहा मगर कांग्रेस के अलावा किसी भी राजनैतिक दल ने इन समस्याओं पर खुलकर बात करना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि मैं अपनी तमाम मांगों को लेकर श्रीमती प्रियंका गाँधी से भी मिला और उनसे विस्तार से चर्चा की। उनसे मिलने के बाद मुझे महसूस हुआ के इस देश एवं प्रदेश का भविष्य, सांप्रदायिक सौहार्द और संविधान इन्हीं के हाथों में सुरक्षित रह सकता है जिन्होंने और जिनके परिवार ने देश की एकता एवं अखंडता के खातिर अपना बलिदान दिया है। श्री तौकीर अहमद रजा खां ने यह भी कहा कि विशेष तौर पर श्री अखिलेश यादव जिस अहंकार से ग्रस्त हैं और मुस्लिम लीडरशिप को किनारे लगाकर बी.जे.पी से हाथ मिलाकर समाजवादी पार्टी का झण्डा बुलन्द करने चले हैं, उनका सपना कभी साकार नहीं होगा। पूर्व



में भी इन्ही की सरकारों के समय मुस्लिम समाज ने स्वयं को सबसे ज्यादा ठगा हुआ समझा है और यह हमारे ही दम पर सरकारों में बने रहे है। लेकिन अब जनता उनको पहचान चुकी है और उत्तर प्रदेश में श्रीमती प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी विजय की ओर अग्रसर है और मैं पूरे भारत में जहाँ भी आवश्यकता होगी कांग्रेस के समर्थन में प्रचार– प्रसार करूँगा और देश की जनता एवं अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों की आवाज को बुलंद करता रहूँगा। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय कुमार लल्लू ने मौलाना तौकीर रजाद्य खाँ द्वारा दिये गये समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने में यह समर्थन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। उत्तर प्रदेश की जनता को धोखा देने वाले, भय, भूख, भष्टाचार फैलाने वाले विकास की फर्जी बात करने वाले मुख्यमंत्री कभी बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, महंगाई, जैसे मुद्दों की बात नहीं कर रहें हैं। अखिलेश यादव एवं योगी जी मूल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए नूरा कुश्ती खेल रहें हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव एवं योगी, दोनों के कार्यकाल ने सभी वर्गों को केवल निराशा दी है। इवेंट मैनेजमेंट की राजनीति चल रही है। जिस तरह से मिर्जापुर में रोटी के सवाल में पत्रकार को जेल भेजा गया, कोई भूला नहीं है। इस सरकार में पत्रकार भी नहीं बख्शे गये। कुछ मीडिया पर बड़े उद्योगपतियों का समावेश हुआ है जिसका परिणाम यह है कि जिस मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए, नहीं हो पा रही है। कांग्रेस पार्टी ने जितनी प्रतिज्ञाएं की हैं उन्हें पूरा करेगी। इस बार जाति धर्म की राजनीति नहीं संकल्पों की राजनीति होगी। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय संयोजक डा. आजम बेग, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, आसिफ रिजवी रिंकू, उमा शंकर पाण्डेय, विशाल लोधी राजपूत, सचिन रावत, प्रदीप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अ0सं0 श्री चौधरी सलमान कादिर एवं जावेद अहमद, प्रदेश महासचिव शहनवाज खान मौजूद रहे।

## रैपिड रिस्पांस टीम के चिकित्सक कोरोना पाजिटिव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोरोना निगरानी टीम के रैपिड रिस्पांस टीम के चिकित्सक डा बीएल यादव कोरोना पाजिटिव पाये गये है आरटीपीसीआर की रिपोर्ट मे पता चला है वह तीन दिन से सर्दी जुकाम से पीडीत थे। पिछले दो वर्ष से मछलीशहर कोरोना निगरानी टीम के चिकित्सक डा बीएल यादव लागातार गांव मे पहुच कर कोरोना की जांच कर मरिजो से लगातार सम्पर्क करके सलाह दे रहे थे दो लहर तक वह कोरोना से बचे हुए थे लेकिन इस बार वह इसकी चपेट मे आ गये। डा बीएल यादव ने बताया की वह पुरी वैक्सीन के साथ साथ बुस्टर डोज भी ले चुके है। उन्हे सर्दी जुकाम व बुखार होने के बाद उन्होने अपनी जांच कराई तो पाजिटिव पाये गये उन्होने लोगो को आगाह करते हुए कहा है की लोग सोसल डिस्टेन्सिग का पालन करके व मास्क लगाये दिक्कत होने पर अपनी जांच जरुर कराये है इस बार का वैरिएंट काफी तेज है। लापरवाही न बरते।

## अधीक्षक ने आर आर टी की टीम को किया सक्रिय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खासा अलर्ट हो गया है। प्रतिदिन स्वास्थ्य कर्मी एंटीजन किट तथा आर टी पी सी आर द्वारा जांच में जुट गए हैं। अधीक्षक डॉ संजय दुबे ने स्वास्थ्य केंद्र पर गठित आरआरटी टीम को भी सकरी कर दिया है। इतना ही नहीं बल्कि अधीक्षक डॉ दुबे ने बताया कि 50 बेड का कोविड– वार्ड सुविधाओं से लैस कर दिया गया है। मरीजों के लिए 50 बेड में 20 बेड पर ऑक्सीजन पाइप, 74 आक्सीजन कंस्ट्रक्टर, दो हाई फ्लो मीटर, दो वेंटीलेटर के अलावा आईसीयू में दो बेड की व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने बताया कि एंटीजन किट्स द्वारा प्रतिदिन 100 से अधिक लोगों की जांच की जा रही है! तथा आरटी पीसीआर द्वारा प्रतिदिन 125 से ज्यादा लोगों की जांच की जा रही है। अधीक्षक डॉक्टर दुबे ने बताया कि इस समय क्षेत्र में अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष यादव सहित तीन लोग कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। जो होम कोरंटाइन किए गए हैं। इसके अलावा निगरानी समितियों को सक्रिय कर दी गई है। पंचानवे गठित निगरानी समितियां जिसमें आशा कार्यकत्री, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं प्रधान शामिल हैं! यह लोग डोर टू डोर निगरानी कर रहे हैं। यदि कोई बाहर प्रदेश से आ रहा है तो निगरानी समिति उन्हें 7 दिन तक होम कोरंटाइन रहने की का हिदायत दे रही हैं। तथा कोरोना पाजिटिव के लक्षण वाले व्यक्ति को दवाएं भी उपलब्ध करायी जा रही है! सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आर आर टी की 3 टीम गठित किया गया है! गठित टीम क्षेत्र में जहां भी कोरोना पाजिटिव पाए जाने की खबर आती है सक्रिय हो जाते हैं। और उनकी पूरी देखभाल करते हैं। अधीक्षक डॉक्टर दुबे ने यह भी बताया कि बच्चों के लिए भी पीकू वार्ड बनाया गया है।

## जौनपुर की माटी के लाल कमाल खान को जनपद वासियों ने किया सलाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बिन बताये चले गये यह कैसा सिला दिया, तुम जुदा होकर चले गये दिल को रूला दिया। यकीं नहीं होता कि तुम नहीं हो इस जहां में,इस जहां से जाने का किसी ने झूठा पता दिया। कुछ इन्ही लाइनों के साथ जनपद के साहित्कार,पत्रकार, शिक्षक और समाजसेवी संगठन से जुड़े लोगो ने जिले के लाल पत्रकार कमाल खान को रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने कमाल खान की निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना करते हुए कहा कि वे अपनी बुलंद आवाज में शब्दों का सटिक चयन करके टीवी पर समाचारो का विश्लेषण करते थे, उन्होने अंतिम समय तक अपने कर्तब्यों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाया। अपनी पत्रकारिता के क्षेत्र में जो उन्होंने अमिट छाप छोड़ी है उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता।कमाल जी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में कई ऐसे मील के पत्थर छोड़े हैं जिन्हें लांघ पाना बहुत मुश्किल का काम है। वर्तमान समय में पत्रकारिता कर रहे लोगों को उनके पत्रकारिता के अनुभव से बहुत कुछ सीख लेने की जरूरत है।जिससे चौथे स्तंभ की साख बनी रहे। रविवार को नगर के जनक कुमारी इण्टरकालेज में बरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय कमाल खान की याद में एक श्रध्दाजंलि सभा का आयोजनकिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष शिया धर्म गुरू सै0 मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने कहा कि कमाल खान का पूरा जीवन सत्य मेव जयते रहे। वे हमेशा निष्पक्ष पत्रकारिता करतेरहे जिसका परिणाम है कि आज उनके दुनियां से जाने का गम पूरे देश को है। हर जगहउनकी याद में श्रध्दाजंलि सभा आयोजित हो रही है। उनके कार्यो की सराहना देश ही नही विदेशो में भी हो रहा है।




नगर पालिका के पूर्व चेयर मैन दिनेशटण्डन, शिक्षक नेता राकेश सिंह, वीर बहादुर सिंह पूर्वाचंल विश्वविद्यालय की असिस्टेंटप्रोफेसर डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नासिर खान ,प्रधानाध्यापिका उषा सिंह,समाजसेवी संजय सेठ, अली मंजर डेजी ,उर्वषी सिंह, विकेश उपाध्याय, जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह क्षेम,अब्दुल हक अंसारी, प्राथमिक शिक्षक संघ केअध्यक्ष अरविन्द शुक्ला,सतीश पाठक, मनीष सिंह सोमवंशी समेत दर्जन भर अधिक लोगोने स्वर्गीय पत्रकार कमाल खान को श्रध्दासुमन अर्पित करते हुए उनके पत्रकारिता को अपने शब्दोंमें सलाम किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता अश्वनी सिंह ने किया। कार्यक्रम का आयोजन व अतिथियों को धन्यवाद पत्रकार राजेश श्रीवास्तव ने दिया। इस मौके पर शिक्षक नेता रमेश सिंह,माउंट लिट्रा जी स्कूल के प्रबंधक अरविन्द सिंह, गौरव सिंह, समाजसेवी अब्दुलाह तिवारी,शिक्षक लाल साहब यादव,रविचंद्र यादव,राम दुलार यादव,मुकेश श्रीवास्तव,डॉ कीर्ति सिंह,भोलानाथ यादव,सजल कुमार सिंह,सुधाकर उपाध्याय,राजू सिंह, ध्रूव सिंह,महेन्द्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह,तेरस यादव, दिलीप सिंह, हसन सईद,ऋषि श्रीवास्तव,पत्रकार प्रमोद जायसवाल , राजकुमार सिंह, हसनैन कमर दीपू, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव जावेद अहमद, अजीत सिंह, अजीत बादल, अशीष श्रीवास्तव, संजय अस्थाना ,राजन मिश्रा, राजन श्रीवास्तव, राज सैनी,विनोद विश्वकर्मा,कुंवर नीतिश, दीपकउपाध्याय,सुधाकर शुक्ला,रविन्द्र मिश्रा, नीरज सिंह समेत भारी संख्या में पत्रकारों ने स्वर्गीय कमाल खान के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित करके श्रध्दाजंलि दी।

## एसएसपी अयोध्या ने डकैती की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के कोतवाली अयोध्या पुलिस व स्वाट टीम ने तकपुरा दर्शननगर में 14 दिसम्बर को हुई डकैती की घटना को अंजाम देने वाले 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।जब आरोपी एक बार फिर से कहीं डकैती डालने की योजना बना रहे थे इतने में पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।वही इन आरोपियों के कब्जे से 5 तमंचा, 360,000 रुपये बरामद हुए है।इसका खुलासा एसएसपी अयोध्या शैलेश कुमार पाण्डेय ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।एसएसपी के मुताबिक इन आरोपियों ने 31 लाख 30 हजार रुपये की डकैती डाली थी।लूट का सारा पैसा आपस में बांट लिया था।वही पूरे घटना की रेकी रिश्तेदार मौसा ने ही कराई थी।उनके मुताबिक शनिवार–रविवार की रात दो बजकर 25 मिनट पर बूथ नंबर चार स्थित यादव ढाबा के पास कुछ लोग बैठे हुए थे।पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की ये आरोपी डाका डालने की साजिश रच रहे हैं।इस मौके पर पुलिस पहुंची तो आरोपी इधर–उधर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने मुश्तैदी दिखाते हुए सभी 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मो. गनी, नबी हसन, राहत अली, मो. शफी (बेटा–बाप), शेर अली निवासी अब्दुल्लापुर लेदा थाना ठाकुर द्वारा जनपद मुरादाबाद, मुनाजीर हुसैन निवासी कमलीपुर खालसा थाना ठाकुर द्वारा जनपद मुरादाबाद, अकबर निवासी मुस्तापुर खण्डसाल थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद, मो. रफी निवासी कमालीपुरी खालसा थाना ठाकुर द्वारा जनपद मुरादाबाद व सालीकराम वर्मा निवासी कनकरपुर थाना पैकोलिया जनपद बस्ती के रूप में हुई।आरोपियों ने बताया कि दर्शननगर स्थित ग्राम तकपुस में 18 दिसंबर को शिवशंकर वर्मा के घर आरोपियों ने डकैती डाली थी।पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों ने बताया कि शिवशंकर वर्मा की भतीजी अनामिका उर्फ निशा की शादी उसके मौसा सालिकराम वर्मा तय करा



रहे थे।वही पैसे की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। इस दौरान उन्हें सुझाव दिया गया कि खेत बेच दिया जाए। खेत बेच कर काफी पैसा इकट्ठा किया गया था, जिसे घर में ही रखा गया था। इतना पैसा रखा होने की बात पर सालिकराम का माथा ठनका और उसने पैसे हड़पने की योजना बनाई।सालिकराम सऊदी अरब में रहता था। उसके साथ मुरादाबाद का मो. नमी व राहत भी रहता था। इसके बाद गनी राहत व उसके पिता मो. सफी ने अन्य बदमाशों के इकट्ठा किया। इसके बाद मो. गनी, नबी हसन व अन्य आरोपी सालिकराम से मिले और पीड़ित के घर जाकर रेकी की और वारदात को अंजाम दिया।इस घटना के दिन यहां से जाने के बाद राहत व मो. रुफी मुरादाबाद मे रुक गये और सालिकराम लखनऊ के अस्पताल में पहुंच गया। घटना में 31 लाख 30 हजार रुपये लूटा जाना बताया गया जिसका इन लोगों ने आपस बंटवारा किया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली अयोध्या के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय, स्वाट टीम प्रभारी रतन कुमार शर्मा, उ.नि. धमेन्द्र कुमार मिश्रा, उ.नि. जनार्दन सिंह, हे. का. शेषनाथ सिंह व का. आनन्द पाण्डेय, प्रशान्त अवस्थी, सुभाष विश्वकर्मा, अजय सिंह, विनय राय, अजीत, शिवम यादव, सौरभ सिंह, चन्द्रभान, मुकेश, अंकित राय, लल्लु यादव, प्रियेश तिवारी शामिल थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

### कर्मचारी हेमंत श्रीवास्तव की पत्नी के निधन पर हुई शोकसभा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के कर्मचारी हेमंत श्रीवास्तव की पत्नी के असामयिक निधन पर विश्व विद्यालय परिवार ने शोक जताया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य की उपस्थिति में सोमवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोक प्रस्ताव विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री वी.एन सिंह ने पढ़ा। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभाद्द में सहायक कुलसचिव बबीता सिंह, डॉ. पीके कौशिक, लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, रमेश पाल, संतोष कुमार मौर्य, जितेंद्र पांडेय, अमलदार यादव, रामसमुझ, मदनमोहन भट्ट, राजनारायन सिंह, जनार्दन राम श्याम श्रीवास्तव, सुशील प्रजापति, सत्येन्द्र कुमार, सनी भारती, जितेंद्र शर्मा, पंकज सिंह, हरिनाथ यादव, श्यामा यादव, ईश्वरद्द श्रीवास्तव, ऋषि सिंह आदि उपस्थित थे।

## 24 दिसंबर से डीफार्मा होगी की परीक्षाएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय के फार्मेसी संस्थान में अध्ययनरत 2020–22 बैच के डी फार्म के छात्रों की परीक्षा कार्यक्रम 24 जनवरी 2022 से केंद्र संख्या 02 आईबी एम केंद्र पर होगी। परीक्षा नियंत्रक श्री वी एन सिंह ने परीक्षा कार्यक्रम पर सहमति देते हुए जारी कर दिया। केंद्राध्यक्ष डॉ. रसिकेश ने बताया की कोरोना का संक्रमण बहुत तेज है इसलिए सभी छात्रों को कोविड 19 के सभी नियमों जैसे मास्क , सेनेटाइजर और शारीरिक दूरी का पालन जरूरी है। सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ विनय वर्मा ने बताया की जल्द ही प्रवेश पत्र उन्हें फार्मसी संस्थान से प्राप्त हो जाएगा।

### ओमकार नाथ शास्त्री निजी चिकित्सालय में भर्ती

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जिला अपराध निरोधक कमेटी के जिलामंत्री ओमकार नाथ शास्त्री की अचानक तबियत बिगड़ने से उनके परिजन आनन फानन में उन्हें शहर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराये, जहाँ पर उनको आई सी यू में रखा गया है, जहा उनका इलाज चल रहा है ,इसकी जानकारी कमेटी के सदस्यों को मिली तो सदस्यों ने उनके जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की, इस मौके पर उपमंत्री धर्मनारायण उपाध्याय, रियाजुल हक, शैलेन्द्र सिंह, एजाज अहमद व सदस्य रतन लाल मौर्य, भुल्लन भारती,मो हारून सहित सैकड़ों सामाजिक लोग उनको देखने और जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना किए।

## पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नेवढ़िया थाना क्षेत्र के भटवार गाँव में पेड़ पर साड़ी के सहारे 32 वर्षीय युवक ने पत्नी के वियोग में फांसी लगाकर जान दे दिया। सूचना पर पहुची पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार नेवढ़िया थाना क्षेत्र के डौडी गाँव के डबलू वनवासी पुत्र रवींद्र वनवासी का चार माह पहले पत्नी पूजा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था बात इतना बढ़ गया कि पत्नी पूजा मायके चली गई तो मृतक युवक रविवार को विदाई कराने नेवढ़िया थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर गाँव गया लेकिन पत्नी आने से बना कर दी। जिससे पत्नी के वियोग में फाँसी लगाकर जान दे दी । मृतक नेवढ़िया थाना क्षेत्र के भटवार गाँव स्थित एक ईट भट्टे पर काम करता था, ईट भट्टे के पास बगीचे में शीशम के पेड़ पर साड़ी के सहारे फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया । ईट भट्टा मालिक ने सूचना युवक के पिता सहित स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर नेवढ़िया पुलिस , परिजन व अन्य लोगो के मौजूदगी में पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि पति पत्नी से विवाद होने पर पत्नी के मायके चले जाने के वियोग में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## 20 जनवरी को होगी पतंग प्रतियोगिता

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत पतंग प्रतियोगिता/महोत्सव 20 जनवरी को शिया कालेज प्रांगण में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने बताया कि जौनपुर में अधिकांश लोग पतंगबाजी का शौक रखते हैं। इसलिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पतंग प्रतियोगिताध्महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसके माध्यम से मतदाताओं को 07 मार्च को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जायेगा। उन्होने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने हेतु फैन्सी पतंग उड़ानें, एक पतंग से अधिक पतंग काटने तथा पतंग सजाकर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। उन्होने कहा कि चाइनीज मांझे का प्रयोग पूर्णतया वर्जित रहेगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

यदि हम अपनें आप से मित्रता कर लेते हैं तो कभी अकेले नहीं रहेगे।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# ऑनलाइन गेम: जब खेल ही मनोरोगी बना दे

कोरोना युग आरंभ होने के साथ बच्चों का जहां घर से निकलना न्यूनतम हो गया, वहीं ऑनलाइन पढ़ाई के साथ ऑनलाइन गेम का चलन भरपूर उठान पर है। मोबाइल, लैपटॉप हर बच्चे की आवश्यकता बन गई है। आज बच्चों से लेकर नवयुवक तक ऑनलाइन गेम की लत के शिकार हो रहे हैं। इसे हमारे समाज में आई संचार क्रांति के तमाम सकारात्मक प्रभावों के बीच एक नकारात्मक परिणाम के रूप में रेखांकित किया जा सकता है।

आज आभासी दुनिया में ऐसे तमाम सॉफ्टवेयर और ऐप उपलब्ध हैं, जिनमें अपनी सोच, रुचियों और अभिवृत्ति वाले लोग एक मैत्री समूह बनाकर परस्पर संवाद करते हैं। एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। संभव है कि बहुत सारे ऐसे लोग आभासी दुनिया की ओट में बच्चों से रूबरू होते हैं, जिन्हें वे नहीं जानते हैं। पर्याप्त निगरानी न कर पाने के चलते माता–पिता इससे अनभिज्ञ होते हैं। इसका कारण उस सॉफ्टवेयर और ऑनलाइन गेम पर आज की पीढ़ी के टेक्नो फ्रेंडली बच्चों की ज्यादा निर्भरता है।

अक्सर अभिभावकों के पास यह देखने का समय नहीं होता कि बच्चे गैजेट्स पर क्या कर रहे हैं या वे यह देखकर ही संतोष कर लेते हैं कि चलो, कम से कम बच्चा आंखों के सामने है और कुछ कर रहा है। लेकिन प्रश्न यहीं से शुरू होता है कि वह क्रियाकलाप उसके मन–मस्तिष्क पर क्या प्रभाव डाल रहा है। कई बार यह प्रभाव इतना गहरा होता है, कि जब तक हम समझते हैं, बात हाथ से निकल चुकी होती है। कई बार ऑनलाइन गेम की लत के चलते बच्चों के दिलो–दिमाग पर कुछ ऐसा प्रभाव पड़ता है कि हमें लगता है कि वे दिनोंदिन आक्रमक होते जा रहे हैं। यहां तक कि वे कई बार दूसरों पर घात और आत्मघात जैसा जघन्य कृत्य कर बैठते हैं। कई बार बच्चे कर्ज लेकर गेम खेलते हैं और कर्ज की राशि ज्यादा होने पर किसी को बताने की स्थिति में नहीं होते। नतीजतन वे कई बार अपराध की राह पर कदम बढ़ा देते हैं।

खेलों का उद्देश्य मानसिक विकास और स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ होता है, लेकिन जब खेल ही बच्चों को मनोरोगी बनाने लगे और एक भीषण असंतुलन का कारक बनने लगे, तो यह निस्संदेह खतरे की घंटी है। सच तो यह है कि ऑनलाइन गेम की लत कई बार ड्रग्स की लत से भी खतरनाक होती है। दिन भर आभासी (वर्चुअल) दुनिया में रहना खेलने वाले को वास्तविक दुनिया से दूर करता है। गन, फायरिंग इत्यादि जहां बच्चों को हिंसक बनाती है, वहीं अवार्ड, पैसे इत्यादि जीतने की लत कई बार उनसे जघन्य अपराध करा देती है। बच्चों का चिड़चिड़ापन, बात– बात में नाराजगी उनके व्यवहार में आए कुछ ऐसे प्रत्यक्ष परिणाम हैं, जो आजकल के ज्यादातर बच्चों में नजर आएंगे। एक तरह से आज की पीढ़ी के बच्चे पहले की अपेक्षा समाज से बहुत दूर हैं।

यहां पर माता–पिता और अभिभावकों की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो जाती है। उन्हें डांटने और कड़ाई से पेश आने के बजाय समय रहते उनके साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से पेश आने की आवश्यकता है। यदि कुछ गेम माता–पिता और शिक्षकों के सान्निध्य में खेले जाएं, तो बच्चों में कौशल विकास को बढ़ावा मिल सकता है। कई ऑनलाइन गेम खेलने वाले की कल्पनाशीलता को बढ़ावा देते हैं, जिससे वे अपने लक्ष्यों के प्रति अधिक नवोन्मेषी हो सकते हैं।

मल्टी टास्किंग और मल्टी प्लेयर गेम बच्चों में रणनीतिक सूझ–बूझ, विश्लेषण तथा निर्णय की क्षमता को विकसित करते हैं, तो मल्टी प्लेयर गेम बच्चों में टीम भावना को भी जगाने का कार्य करते हैं। वर्चुअल गेम खेलते वक्त यदि बच्चे नए लोगों से जुड़ते हैं और उनकी संस्कृति से परिचित होते हैं, तो यह अच्छी बात है, लेकिन इसकी जानकारी माता–पिता को होनी चाहिए। तब वे साइबर बुलिंग का शिकार होने से भी बच जाएंगे।

आभासी दुनिया खुद को अभिव्यक्त करने का अच्छा माध्यम है, किंतु उसके नकारात्मक प्रभाव भी होते हैं, उन प्रभावों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। उन्हें दृष्टिगत रखकर माता–पिता को एहतियात के साथ बच्चों को अपने निर्देशन में इनका प्रयोग करवाना ही समुचित होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## घने कोहरे की चपेट में प्रदेश : बरेली सबसे ठंडा : बारिश के बन रहे आसार

लखनऊ ब्यूरो : पूरा प्रदेश इस वक्त घने कोहरे की चपेट में है। दूसरी तरफ नश्तर की तरह चुभतीं बर्फीली हवाएं हाड़ कंपा रही हैं। कोहरे और हवाओं ने मिलकर धूप को बेअसर कर दिया और दिन के पारे को एकदम से गिराना शुरू कर दिया है। दिन का तापमान सामान्य से 9 डिग्री तक नीचे चले जाने से बरेली सबसे ठंडा रहा रविवार को। यहां अधिकतम तापमान 11.0 डिग्री दर्ज हुआ,जबकि न्यूनतम पारा 8.6 डिग्री रहा। मौसम विज्ञानियों की मानें तो फिलहाल ऐसे ही हालात रहने वाले हैं। 19 और 20 जनवरी को पानी बरसने के भी संकेत मिल रहे हैं। वहीं आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए येलो और आरेंज अलर्ट जारी किया है। पूरे प्रदेश में कहीं अत्यधिक घना कोहरा रहने और कोल्ड डे के आसार हैं। मौसम बुलेटिन के मुताबिक, लखनऊ में अधिकतम पारा 15.3 और न्यूनतम पारा 6.2 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं बरेली के बाद जिन जिलों में तापमान सबसे कम रहा, उनमें हरदोई में अधिकतम पारा 12 डिग्री रहा, इसमें 7.5 डिग्री की कमी रही,जबकि न्यूनतम पारा 9.5 डिग्री दर्ज हुआ। लखीमपुर खीरी में रातें तो 10.1डिग्री सेल्सियस के साथ थोड़ी सी राहत वाली रहीं, लेकिन दिन का तापमान यहां भी 12 रहा जो सामान्य से 8.9 डिग्री कम रहा। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में दिन का तापमान 19 डिग्री को लांघ न सका और 20 से कम बना रहने से हाड़ कंपाने वाली ठंड जैसे हालात बने रहे। वहीं रात का पारा 3 डिग्री से लेकर 11.2 डिग्री केबीच रहा। फुरसतगंज में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री रहा। आगरा, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हमीरपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, इटावा, कानपुर सिटी में रात का तापमान 6 डिग्री से कम रहा। इन जिलों में सक्रिय होगी कोल्ड डे कंडीशन जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितुर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी इटावा, औरैया, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, श्रावस्ती, बहराइच, खीरी, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, जौनपुर, मथुरा, बलरामपुर, सीतापुर, हरदोई,फर्रु खाबाद, कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, हापुड़, जीबीनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, सीतापुर, अमेठी और आसपास के इलाकों में। कोहरे के लिए इन जिलों को चेतावनी। कानपुर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, जालौन, हमीरपुर, सीतापुर, हरदोई, महोबाद, झांसी, ललितपुर, लखीमपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, बस्ती, एसके नगर, गोरखपुर, फतेहपुर, देवरिया, आजमगढ़, जौनपुर, एसआर नगर, वाराणसी, चंदौली और आसपास के इलाकों में।

## एडवोकेट विनय कश्यप ने मनाया मायावती का 66 वां जन्मदिवस

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश की चार – चार बार मुख्यमंत्री रहीं बसपा सुप्रीमो मायावती का आज 66 वां जन्मदिवस है। मायावती का जन्म 15 जनवरी 1956 को छोटे से गांव एक बादलपुर जिसे अब जिला बुध नगर के नाम से जानते हैं इनके पिता प्रभु दास गौतम जो सरकारी डाक विभाग में कर्मचारी के पद पर तैनात थे उनकी माता का नाम श्रीमती रामरति जो एक ग्रहणी थी। मायावती के छः भाई दो बहने। आपको बताते चलें उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में राष्ट्रीय पार्टी होने के नाते हर जगह आज बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्म दिवस मनाया जा रहा है। लेकिन अभी पिछले सप्ताह प्रदेश कार्यालय में बसपा प्रमुख ने कुछ प्रदेश स्तर के नेताओं के साथ बैठक कर पार्टी को दिशा निर्देश दिए थे। कि इस बार आचार संहिता भी लगने वाली है और करोना के भी मरीज बढ़ रहे हैं इसको ध्यान में रखते हुए बसपा सुप्रीमो ने निर्देश जारी किए। इस बार 15 जनवरी 2022 को मेरा जन्म दिवस मनाया जाएगा लेकिन सभी लोग अपने अपने घरों पर मेरा जन्म दिवस मनाएंगे। इस बात का ध्यान रखते हैं बसपा सुप्रीमो का जन्म दिवस कोविड और आचार संहिता का पालन करते हुए जन्म दिवस बसपा नेता एडवोकेट विनय कुमार कश्यप द्वारा वेदांशिका सिटी कार्यालय में मनाया गया। सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने घरों पर बसपा सुप्रीमो का जन्म दिवस मनाया। इसी तरीके से हर विधानसभा स्तर पर जन्म दिवस मनाया गया। मुख्य सेक्टर संयोजक राकेश कुमार गौतम एवं मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ एडवोकेट विनय कुमार कश्यप ने बसपा सुप्रीमो मायावती के दीर्घायु होने की कामना की। केक काटकर अपनी नेता परम आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का आचार संहिता एवं कोविड का पूर्ण पालन करते हुए जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर




एडवोकेट विनय कुमार कश्यप मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मंडल एवं राकेश कुमार गौतम मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मंडल , दिग्विजय सिंह गौतम जिला सचिव बाराबंकी, एडवोकेट राम सजीवन विधानसभा संयोजक बैकवर्ड समाज जैदपुर बाराबंकी, अजय सोनकर, विवेक भटनागर रीजनल मैनेजर वेदांशिका सिटी, आशीष सिंह सेल्स मैनेजर वेदांशिका सिटी, राजेश शुक्ला वेदांशिका सिटी सेल्स मैनेजर, बृजेश कश्यप मैनेजर एडमिन वेदांशिका सिटी ,गोविंद कश्यप मैनेजर एडमिन वेदांशिका सिटी, गोविंद मिश्रा मैनेजर एडमिन वेदांशिका सिटी, सेल्स मैनेजर दीपक कश्यप ,रत्नेश पांडे, प्रदीप कुमार ,अनीता प्रभाकर, उषा निषाद, अनुपमा पटेल, रंगोली पंडित, सुनील श्रीवास्तव, सुरेंद्र कश्यप सेल्स मैनेजर वेदांशिका सिटी, हौसला प्रसाद वरिष्ठ कार्यकर्ता बीएसपी, सचिन कश्यप एवं केक निर्माता देवी दत्त सिंह उपस्थित रहे। उक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कुदरत से प्रार्थना करते हुए 2022 में बहन कुमारी मायावती जी को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

## मिशन वैक्सीनेशन : अब ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में बूस्टर डोज भी लगना हुआ प्रारंभ

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला के वैक्सीनेशन सेंटर में पिछले लगभग 7 महीनों से चल रहे वैक्सीन के अभियान में अब एक नया अध्याय जुड़ गया है 5 जनवरी से बच्चों को वैक्सीन भी गुरुद्वारा साहब के वैकसीन सेंटर पर लगाई जा रही है तथा अब जिन लोगों को सेकंड डोज लगे 9 महीने पूरे हो गए हैं उनको बूस्टर डोज भी लगाई जाएगी। यह जानकारी कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत ने दी। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि गुरुद्वारा साहब का वैक्सीनेशन सेंटर 14 जून से लगातार जारी है और हमारे वैक्सीनेशन सेंटर पर 90 हजार से ज्यादा वैक्सीन लगाई जा चुकी है और बच्चों का वैक्सीनेशन भी हमारे सेंटर पर हो रहा है तथा बूस्टर डोज लगना भी शुरू हो गया है सभी नगर वासियों से हमारी अपील है कि जिनका वैक्सीनेशन अभी कंप्लीट नहीं हुआ है और जिनके बच्चों की उम्र 15 साल से ऊपर है वह सभी कृपया कोरोना से बचाव के लिए शीघ्र अति शीघ्र वैक्सीन लगवा लें। कोरोना का नया वेरिएंट इस समय तेजी से अपना संक्रमण फैला रहा है अतः जिन लोगों की डेट हो गई है वह लोग बूस्टर डोज



भी शीघ्र लगवा लें तथा कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें ताकि सभी लोग सुरक्षित रह सकें। आज गुरुद्वारा साहब में 435 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। गुरुद्वारा साहब के वैक्सीनेशन सेंटर का प्रबंध हरविंदर पाल सिंह नीटा, हरमिंदर सिंह टीटू कुलदीप सिंह सलूजा पूरी तन्मयता के साथ कर रहे हैं और जो बच्चे वैक्सीन लगवाने आ रहे हैं उनका हौसला भी बढ़ा रहे हैं और उनको उपहार भी दे रहे हैं।

## नहीं रहे कथक सम्राट पं. बिरजू महाराज: बनारस से था गहरा लगाव

वाराणसी ब्यूरो : प्रख्यात कथक नृत्य गुरु पंडित बिरजू महाराज नहीं रहे। रविवार देर रात उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। पद्म अलंकारों से सम्मानित कथक सम्राट पं. बिरजू महाराज के निधन से एक युग का अंत हो गया है। उनके निधन की सूचना से देश के साथ ही बनारस में संगीत प्रेमियों में शोक की लहर है। धर्म–अध्यात्म, नृत्य एवं संगीत की नगरी काशी से उनका गहरा लगाव था। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रोफेसर विश्वंभर नाथ मिश्र ने बताया कि कथक सम्राट बिरजू महाराज संकट मोचन मंदिर में 1989 से आ रहे हैं। इधर के कुछ वर्षों में तबीयत खराब होने के चलते वह अपनी बेटी सश्वति के साथ समारोह में आते थे। पिछले साल वह संकट मोचन संगीत समारोह में आए थे तो उम्र की थकान के बावजूद चेहरे के विविध भावों और हाथों की अनूठी मुद्राओं की जीवंत प्रस्तुतियों से अपने प्रशंसकों को रिझा कर मंच पर छाए रहे। संकट मोचन में कई बार ऐसा दृश्य आया है की सामने किशन महाराज, पंडित जसराज और राजन–साजन मिश्र औ पूर्व महंत स्वर्गीय वीरभद्र मिश्र कथक सम्राट बिरजू महाराज के नृत्य कौशल को देखने के लिए बैठे रहते थे। कथक नृत्य के साथ तबला वादन और ठुमरी गायकी में भी थे कुशल बिरजू महाराज ने शास्त्रीय संगीत में कथक को ऊंचाई देने का काम किया। बनारस और मंदिर से बहुत लगाव था। कहा था जबतक स्वास्थ्य साथ देगा मंदिर आते रहेंगे। संकट मोचन संगीत समारोह में आते थे तो कम से कम एक सप्ताह रुकते थे। किशन महाराज से बहुत घनिष्ठता थी। किशन महाराज और बिरजू महाराज की जोड़ी बहुत प्रसिद्ध थी। रविशंकर जी द्वारा शुरू किए रिंपा संगीत



महोत्सव और बनारस के ललित संस्थान में इनकी जुगलबंदी आज भी लोगों को याद है। बतख और बतखी के प्रेम प्रसंग को कथक प्रस्तुति में जीवंत करते थे। उनकी वो प्रस्तुति आज भी लोगों के जेहन में है। पंडित बिरजू महाराज जितने कुशल कथक में थे उतने ही कुशल तबला वादन और ठुमरी गायकी में भी थे। वे गोविंदा और माधुरी दीक्षित के नृत्य को पसंद करते थे। काशी में ससुराल और समधियाना रिश्तों की बात करें तो प्रसिद्ध ठुमरी गायिका गिरिजा देवी के गुरु पंडित श्रीचंद्र मिश्र की पुत्री लक्ष्मी देवी पंडित बिरजू महाराज की पत्नी बनीं। वहीं, पंडित साजन मिश्र के साथ कथक सम्राट की बड़ी बेटी कविता का विवाह हुआ। पंडित बिरजू महाराज के एक भाई ने बनारस घराने के पंडित रामसहाय के सानिध्य में तबला वादन में निपुणता हासिल की। नृत्य की लय जैसी है जिंदगीकथक नृत्य सम्राट पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज ने जिंदगी की तुलना नृत्य की लय से की थी। उन्होंने कहा था कि पैरों में बंधे घुंघरुओं में से ही झंकृत स्वर नहीं निकलते। ताल पर कथक में ही लय नहीं होती, हर एक ही धड़कन में लय है। जिंदगी की उस लय को जानने, समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा था कि शास्त्रीय संगीत ईश्वर से मिलन का मार्ग है। लय, सुर, ताल के जरिए आसानी से परमात्मा का साक्षात्कार किया जा सकता है। इसलिए जीवन में संगीत का होना जरूरी है।

## पत्नी से विवाद–कर पति ने की आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर थाना क्षेत्र के मई गाँव मे कमरे के अंदर साड़ी से गले को कसकर 36 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर अपनी इहलीला समाप्त कर लिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि रामपुर थाना क्षेत्र के मई गाँव के सुरेश गौतम अपनी पत्नी चन्दा से शराब पीकर आये दिन बाद विवाद करता रहता था। रविवार को भी पत्नी से विवाद कर शराब के नशे में रात को कमरे का दरवाजा अंदर से बंदकर कमरे में तांडव मचाया और साड़ी से गले में फंदा लगाकर गर्दन को कस लिया।जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सुबह परिजनों ने जगाने की कोशिश की, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न होने पर खिड़की से देखा कि युवक जमीन पर पड़ा है, तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुची पुलिस ने दरवाजा तोड़वाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ओम नारायण सिंह ने बताया कि पति– पत्नी से विवाद होने पर युवक ने कमरे को अंदर से बंद कर लिया था और कमरे में देखने से लग रहा था कि तांडव किया था गले मे साड़ी का फंदा लगा हुआ था जिससे मालूम पड़ता है कि सुसाइड किया है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कन्फर्म होगा कि मृत्यु कैसे हुई है।

## मतदान केंद्रों का इतिहास खंगाल रहे अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर तहसील क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर सुचारू रूप से मतदान कराने के लिए प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है।उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह और क्षेत्राधिकारी अतर सिंह मतदान केंद्रों पर जाकर लोगो से पूर्व में हुई घटनाओ के बारे में जानकारी जुटा रहे है। उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने बताया कि सुजानगंज ब्लाक में सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया है।जहाँ पूर्व में मतदान के दिन कोई घटना हुई है तो उसकी पृष्टभूमि के बारे मे जानकारी ली जा रही हैं और उपद्रवियों को चिन्हित किया जा रहा है।भीलमपुर मतदान केंद्र पर जाने का रास्ता सकरा था जिसका चौड़ीकरण करने का निर्देश बी डी ओ को दिया गया है।इसीप्रकार सी ओ अतर सिंह और अवनीश राय काँहापुर, चक इंग्लिश, जोरावर खा समेत दर्जन भर गावो में जाकर मतदाताओ से बूथ स्तर पर मतदान के दौरान हुई घटना के बारे मे पूछताछ किया।साथ ही क्षेत्र में मतदान को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विषय में पूछताछ की है।उक्त अधिकारियों ने बताया कि लशान्ति पूर्ण मतदान कराना उनकी प्राथमिकता है उसी के मद्देनजरभ्रमण किया जा रहा है।

## समाज सेवी संस्थाएं भी मतदाताओं को मतदान करने हेतु करेंगी जागरूक

जौनपुर सू.वि. : मतदाता जागरूकता अभियान की कवायद तेज हो गई है। अब समाज सेवी संस्थाएं भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलायेंगी। इसलिए कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश की अध्यक्षता में समाज सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी, जिसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं की सहभागिता जरूरी हैं। उन्होने सभी समाज सेवी संस्थाओं से कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाये, जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। उन्होने कहा कि पोस्टर, बैनर, नुक्कड़ नाटक, लोक गीत संगीत, आडियो, वीडियो आदि माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करें। उन्होने चिकित्सकों से अपील किया है कि आपके यहां जो मरीज आये तो उन्हें 07 मार्च को मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए पर्चे पर मोहर लगा कर जागरूक करें। इसी तरह व्यापारियो से अपील किया कि ग्राहक को दिये जाने वाले थैलों पर मतदाता जागरूकता संदेश लिखाकर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमो में कोविड प्रोटोकाल का पूरा पालन करें तथा विशेष सावधानी बरतें कि आपके द्वारा किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी के पक्ष में कार्य नहीं किया जाय और न ही कोई प्रत्याशी या राजनीतिक दल का कार्यकर्ता आपके द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करें। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, डीसी एनआरएम ओ पी यादव, रेडक्रास सचिव डा मनोज वत्स, लायन्स क्लब जौनपुर मेन सचिव अशोक मौर्य, रोटरी क्लब अध्यक्ष नवीन सिंह, लायन्स क्षितिज, सचिव प्रदीप सिंह, जोन चेयरमैन दिलीप सिंह, सखी वेलफेयर अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, सचिव अर्चना सिंह, जेसीज क्लब अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, जेसीआई क्लासिक अध्यक्ष अभिताष गुप्ता, लायन्स सूरज अध्यक्ष नसीम अख्तर, कोषाध्यक्ष विशाल यादव, सदभावना अध्यक्ष श्रवण साहू, सचिव सुधीर मौर्य, आर एस ट्रस्ट से राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत जारी समय–सारिणी में किया गया संशोधन

जौनपुर सू.वि. : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा यह निर्देश के क्रम में जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं को अवगत किया जाता है कि कक्षा 11–12 एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत शैक्षिक सत्र 2021–22 के लिए जारी तृतीय चरण की समय–सारिणी के अनुसार संशोधन किया गया है 17 जनवरी 2022 तक छात्र/छात्राओं द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2022 तक आनलाइन आवेदन पत्रों की हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नको सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाना, 04 दिसम्बर 2021 से दिनांक 24 जनवरी 2022 तक छात्र/छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखो से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, सत्यापित एवं अग्रसारित करना, 11 फरवरी 2022 से दिनांक 21 फरवरी 2022 तक छात्र द्वारा आवेदन पत्र में की गयी त्रुटियों को छात्र द्वारा ठीक करके पुनः आवेदन पत्र आनलाइन सबमिट किया जाना, आवेदन पत्र भरने के 03 दिन के अन्दर विलम्बतम दिनांक 24 फरवरी 2022 तक आनलाइन आवेदन पत्र की त्रुटियों को ठीक करके छात्र/छात्राओं द्वारा समस्त वांछित संलग्नको सहित शिक्षण संस्थान में जमा किया जाना, 12 फरवरी 2022 से दिनांक 28 फरवरी 2022 तक छात्र/छात्रा द्वारा सही किये गये आनलाइन आवेदन पत्रों की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखो से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाइन आवेदन पुनः प्राप्त करना, सत्यापित एवं अग्रसारित करना है। समस्त शिक्षण संस्था/विश्वविद्यालय एवं अन्य एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी उपरोक्त तृतीय चरण की संशोधित समय–सारिणी के अनुसार अपनी–अपनी संस्थाओं को सूचित करते हुए कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

## 24 घंटे में 15,622 नए कोरोना संक्रमित मिले : प्रदेश में अब तक कोरोना टीके की 23 करोड़ से अधिक डोज लगी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं पर कोविड टीकाकरण और टेस्टिंग में प्रदेश देश में अन्य राज्यों में सबसे आगे है। बीते 24 घंटों में 02 लाख 16 हजार 152 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 15,622 नए कोरोना पॉजिविट पाए गए। इसी अवधि में 12,402 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की 01 लाख 06 हजार 616 है। इनमें से 01 लाख 02 हजार 211 लोग घर पर ही उपचाराधीन हैं। बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 23 करोड़ 15 लाख 37 हजार से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। जबकि 09 करोड़ 63 लाख से अधिक टेस्टिंग हो चुकी है। यह देश के किसी एक राज्य में हुआ सर्वाधिक टेस्टिंग–टीकाकरण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को टीम 9 की बैठक में निर्देश दिया कि आगामी 23 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में पुख्ता तैयारियां कर ली जाएं। कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन हो। हर केंद्र पर मास्क, सैनिटाइजर, इंफ्रारेड थरमामीटर की उपलब्धता होनी चाहिए। परीक्षा केंद्र निर्धारण में संस्थान के पिछले रिकॉर्ड को जरूर देखें। दागी व संदिग्ध छवि वाले संस्थानों को केंद्र कतई न बनाएं। परीक्षा की शुचिता के दृष्टिगत अपर मुख्य सचिव गृह और एडीजी कानून–व्यवस्था, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के साथ जिलाधिकारियों, बेसिक शिक्षा अधिकारियों व परीक्षा आयोजन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर व्यवस्थाओं की पड़ताल करें। योगी ने कहा कि शीतलहर और कोविड को देखते हुए असहाय, निराश्रित लोगों, अकेले रह रहे बुजुर्ग जनों, दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान दिया जाए। रैन बसेरों में समुचित प्रबंध रखे जाएं। पुलिस, राजस्व और नगर विकास और स्वास्थ्य विभाग की टीम इनके समुचित इलाज, भोजन आदि की व्यवस्था जरूर करे। ऐसे व्यक्ति यदि संक्रमित होते हैं तो उनके साथ अतिरिक्त संवेदनशीलता का भाव रखा जाना अपेक्षित है। 93 फीसदी लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 93.90 फीसदी लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है, जबकि 59.20 फीसदी से अधिक लोग कोविड टीके की दोनों डोज ले चुके हैं। विगत दिवस तक 15–17 आयु वर्ग के लगभग 39 फीसदी किशोरों ने टीका कवर प्राप्त कर लिया है और 04 लाख 09 हजार पात्र लोगों को प्री–कॉशन डोज भी मिल चुकी है। यथाशीघ्र सभी पात्र लोगों का वैक्सीनेशन किया जाए। जिनकी दूसरी डोज बकाया हो, उनकी सूची तैयार कर संपर्क–संवाद बनाएं और टीकाकवर दिलाएं। किशोर टीकाकरण में धीमी गति वाले जिलों से संवाद बनाएं। स्कूल व कॉलेजों में कैम्प लगाएं।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जनता में उत्साह : राकेश त्रिवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अंतर्गत सम्पर्क किया। उन्होंने रोली तिलक लगाकर उनका अभिवादन किया, मिस्ड कॉल के माध्यम से सदस्यता दिलाई। नगर दक्षिणी मंडल के ओलन्दगंज सेक्टर के बूथ संख्या 429 के अध्यक्ष शुभम निषाद के अध्यक्षता में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी भाजपा राकेश त्रिवेदी ने अभियान के तहत रामजतन निषाद, राम प्रसाद निषाद, राजकुमारी देवी, कमला देवी, लोकेश कुमार निषाद, अंजली निषाद अन्य लाभाथियों से मुलाकात की और उन लाभार्थियों से बात की जब उन्होंने पूछा कि आप लोग किसको वोट करेंगे तो सारे लाभार्थी एक स्वर में कहा कि जो आवास, शौचालय, उज्ववला गैस और कोरोना महामारी से लेकर आज तक जो फ्री में अनाज दे रहे है उनको ही वोट देकर योगी जी के हाथों को मजबूत करेंगे। लाभार्थी सम्पर्क अभियान के दौरान पत्रकार द्वारा पूछे सवाल पर राकेश त्रिवेदी ने कहा कि जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जनता में उत्साह का माहौल है, सभी का बिना भेदभाव विकास किया गया है। सबके साथ से सभी का विकास के रास्ते पर चलते हुए सबके प्रयास से सबका विश्वास हासिल करने की ओर हम अग्रसर है। पूर्व सांसद कृष्ण प्रताप सिंह ने कहा कि दीनदयाल उपाध याय के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की नीति पर पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है, अयोध्या का उसकी गरिमा और महिमा के अनुसार विकास हो रहा है, अयोध्या विश्व स्तर की पर्यटन नगरी के बन रही है, प्रदेश सरकार बनने के बाद माफिया राज तथा भ्रष्ट्राचार पर अंकुश लगाया गया है। उक्त अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया, जिला मीडिया प्रभारी आमोद कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अनिल गुप्ता, काशी क्षेत्र के सदस्य कृष्ण कुमार जायसवाल, जिला महामंत्री किसान मोर्चा इन्द्रसेन सिंह, ब्रह्मेश शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष राजेश कन्नौजिया, अभिषेक श्रीवास्तव, डॉक्टर कमलेश निषाद, नगर मंत्री दीपक मिश्रा, प्रदीप तिवारी, श्रीकांत श्रीवास्तव, जौनपुर दक्षिणी पिछड़ा मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवकमल मौर्य, संदीप सोनी, पिछड़ा मोर्चा नगर उत्तरी अध्यक्ष तीर्थराज गुप्ता, मोर्चा महामंत्री गणेश मोदनवाल, बूथ अध्यक्ष अश्वनी निषाद, जगदीश मौर्य, राजेश श्रीवास्तव, पन्ना निषाद आदि उपस्थित रहे।

# निर्वाचन–2022 को भली–भांति संपन्न कराने हेतु समस्त नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला निर्वाचन अधि ाकारी/जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आगामी विध ाानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को भली–भांति संपन्न कराने व कार्यों की प्रगति जानने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार देर सायं समस्त नोडल अधिकारी/प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधि ाकारी महोदय द्वारा बी0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि जनपद स्तर पर स्वीप से संबंधित जागरूकता अभियान को विभिन्न कार्यालयों, कालेजों एवं अन्य संस्थानों में स्लोगन, नारे, पतंग प्रतियोगिता आदि द्वारा जागरूक किया जाए और प्रेक्षक की व्यवस्था कराने तथा सहायक प्रभारी अधि ाकारी वाहन/सहायक निर्देशित किया गया कि भारी वाहनों के संबंध में पुनः विधिवत रूप से आंकलन कर लिया जाए। जिलाधि ाकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एआरटीओ प्रेक्षकों हेतु वाहनों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें एवं संबंधित विभागों द्वारा प्रेक्षकों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। जिलाधि ाकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्वाचन कार्यालय से रूटचार्ट प्राप्त करते हुए भारी/हल्के वाहनों के ईधनों के संबंध में मानक अनुसार रूटचार्ट में अंकित दूरी के अनुसार ईधन की खपत सम्बन्धी रजिस्टर तैयार कर लिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी अधिकारी टेंट, फर्नीचर, बैरिकेडिंग, लाइट, साउंड आदि सभी संबंधित व्यवस्थाओं के लिए टेंडर करा लिया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नामांकन व्यवस्था के संबंध में सत्यापन करते हुए तैयारी कर ली जाए। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्वाचन की सूचनाओं का



संकलन उनका प्रेषण तथा बुकलेट तैयार करना/ सांख्यकीय सूचनाओं के प्रेषण की व्यवस्था ससमय कर ली जाए। उपजिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी महोदय को चुनाव के पूर्व की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कहा गया कि वीडियोग्राफी एवं सी0सी0टी0वी0 की व्यवस्था हेतु सम्बन्धी कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कर ली जाय, चुनाव ड्यूटी में लगे हुये समस्त कार्मिकों को कोविड टीकाकरण के दोनो डोज अवश्य लगे होने चाहिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नोडल अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे सही ढ़ंग से कराने का प्लान तैयार कर लें, समस्त विभागीय अधिकारी अपनी–अपनी कार्ययोजना बना कर कार्य करें। भारत निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन को ध्यान पूर्वक पढ़ कर कार्य करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक अनुपम शुक्ला, उपजिलाधिकारी रामप्रकाश, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला सूचना अधिकारी सहित आगामी विध ाानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु लगाये गये प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# थाना खुटहन पुलिस ने दहेज हत्या व डीपी एक्ट के वांछित एक महिला अभियुक्ता सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष अश्वनि कुमार दुबे मय हमराह का0 शुभम मिश्रा , का0 राहुल यादव , हे0का0 संजय ओझा व म0का0 रिंका मौर्या व चालक हे0का0 शिवमुनी यादव द्वारा मु0अ0सं0 17/22 धारा 489 ए / 304बी भादवी व ¾ डीपी एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त गण 1. लालचन्द यादव पुत्र रामप्रताप 2. सुनीता पत्नी लालचन्द यादव 3. विकास यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासीगण ग्राम बडसरा थाना खुटहन जनपद जौनपुर को दिनांक 16.01.2022 समय करीब



13.30 बजे दिन में वहद ग्राम बड़सरा अभियुक्तगण उपरोक्त के घर से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण–1. लालचन्द यादव पुत्र रामप्रताप 2. सुनीता पत्नी लालचन्द यादव 3. विकास यादव पुत्र लालचन्द यादव निवासीगण ग्राम बडसरा थाना खुटहन जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 17/22 ध ाारा 489 ए / 304बी भादवी व = डीपी एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर । गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1. उ0नि0 अश्वनि कुमार दुबे, थानाध्यक्ष थाना खुटहन जनपद जौनपुर । 2. हे0का0 संजय ओझा , का0 शुभम मिश्रा ,म0का0 रिंका मौर्या , का0 राहुल यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

# दो अलग–अलग दर्दनाक हादसों में तीन लोगों की मौत : कई घायल

सहारनपुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रामपुर मनिहारान गांव शिवदासपुर मार्ग पर गांव चकवाली के निकट फॉर्च्यूनर गाड़ी व आल्टो कार की भिड़ंत में ग्राम प्रधान सहित दो मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। रामपुर ब्लाक के गांव गुड़ब के मौजूदा प्रधान रामाकांत त्यागी, गांव के लोकनाथ त्यागी, सारिका त्यागी, शैली त्यागी फॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार होकर सहारनपुर किसी कार्य से जा रहे थे। जैसे ही वह थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्र के गांव चकवाली के पास पहुंचे, तो आल्टो कार से उनकी भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद फॉर्च्यूनर गाड़ी सड़क के एक ओर खेत मे जा पलटी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर घायलो को चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्रधान रामाकांत त्यागी(48) पुत्र आनन्द त्यागी, सारिका त्यागी(42) पुत्री सोमदत्त त्यागी को मृत घोषित कर दिया, जबकि शैली त्यागी,लोकनाथ त्यागी घायल हो गए। प्रधान की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया।थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि फॉर्च्यूनर कार व अल्टो कार की टक्कर में दो की मौत हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गागलहेड़ी क्षेत्र में हाईवे पर कार और ट्रक की भिड़ंत में कार चालक की मौके पर मौत हुई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। ट्रक चालक मौके से फरार हुआ। देवेंद्र(35) पुत्र मेघराज, चरणजीत सिंह (17) पुत्र गुरमीत सिंह, मनप्रीत सिंह(30) निवासी मोहल्ला धर्मपुरा बग्गा की चक्की खन्ना, जिला लुधियाना तीनो हरिद्वार से शादी की फोटोग्राफी करके अपनी कार से लौट रहे थे। ये तीनो जैसे ही कार से देहरादून अम्बाला हाईवे से होते हुए थाना क्षेत्र के गांव भाभरी के निकट पहुंचे तो यमुनानगर की ओर से ट्रक की आमने सामने की भिड़त हो गई, जिसमे कार के परखचे उड़ गए।कार चला रहे देवेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चरणजीत ओर मनप्रीत गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक चालक भिड़त होते ही मौके से भागने मे सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय भेज दिया।

# समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव बने धर्मेंद्र मिश्र

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : जौनपुर जिले के दीवानी न्यायालय के प्रखर अधिवक्ता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले ब्राह्मणों चेहरे के रूप में एक कुशल अधिवक्ता माने जाने वाले समाजवादी छात्र सभा और समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा



को समाजवादी पार्टी ने विश्वास जताते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव के पद की जिम्मेदारी दी गई. जिसकी सूचना होते ही जनपद और क्षेत्र के साथ साथ सभी शुभचिंतकों में एक खुशी का माहौल देखने को मिला और वहीं पर धर्मेंद्र मिश्रा को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा समाजवादी विचारधारा से जुड़े सभी पदाधिकारी विधायक सांसद सहित अन्य सदस्यों क्षेत्रवासियों ने बधाई संदेश उनके आवास पर एवं मोबाइल फोन के माध्यम से दी इस अवसर पर धर्मेंद्र मिश्र ने कहा कि जिस प्रकार एक ब्राह्मण समाज में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा जिम्मेदारी दिया गया है उसका पूरी निष्ठा और इमानदारी के साथ में पालन करूंगा साथ ही साथ 2022 के चुनाव में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को मुख्यमंत्री के कुर्सी पर बैठा कर के ही सांस लूंगा।

## आई.टी. एवं सोशल मीडिया विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आई.टी. एवं सोशल मीडिया विधानसभा बैठकों के क्रम में आगामी विधानसभा चुनाव निमित्त 366 सदर विध ाानसभा आई.टी. एवं सोशल मीडिया विभाग की संयुक्त बैठक को जिला संयोजक (आई.टी.) रोहन सिंह जी एवं जिला सह–संयोजक (सोशल मीडिया) हर्ष मोदनवाल जी ने संबोधित किया। बैठक में हर्ष मोदनवाल जी ने भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के फेसबुक पेज @BJPUP4JAUNPUR तथा ट्विटर



हैंडल @BJP4JNP एवं इंस्टाग्राम @BJP4JNP की पोस्टों को शेयर लाइक करने एवं इस माध्यम से योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर आम जनमानस तक पहुंचाने पर जोर दिया तथा, बैठक को संबोधित करते हुए रोहन सिंह जी ने व्हाट्सएप ग्रुपों के संरचना में बूथो पर बने हमारे व्हाट्सएप ग्रुपों को सक्रिय रुप से चलाने हेतु एवं बूथ विजय के मंत्र में व्हाट्सएप ग्रुप की भूमिका का योगदान बताया। विधानसभा विस्तारक अरुण विश्वकर्मा जी ने बैठक का समापन करते हुए विधानसभा संयोजक आलोक मिश्रा जी अमूल्य श्रीवास्तव जी के साथ कोशिश बचाव के साथ मंडल प्रवास का क्रम निर्धारित किया। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा विस्तारक अरुण विश्वकर्मा जी, आई.टी. विधानसभा संयोजक आलोक मिश्र जी, सोशल मीडिया विधानसभा संयोजक अमूल्य श्रीवास्तव जी, मण्डल अध यक्ष गण धर्मेंद्र मिश्रा, राजकेशर पाल, मदन सोनी, आई.टी. एवं सोशल मीडिया के मण्डल संयोजक गण एवं सह–संयोजक गण उपस्थित रहे।

# थाना केराकत पुलिस ने 1.150 किग्रा गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा – निर्देशन में थाना केराकत पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक केराकत के नेतृत्व मे छितौना रेलवे क्रासिंग के पास से उ0नि0 हैदर अली थाना केराकत जौनपुर द्वारा मनीष सोनकर पुत्र टिसूर सोनकर नि0 दलाल टोला थाना केराकत जनपद जौनपुर को दिनांक 15.01.2022 समय 21.30 बजे 1.150 किग्रा गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 27/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम मनीष सोनकर उपरोक्त के पंजीकृत कर चालान माननीय न्यायालय किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त– 1 मनीष सोनकर पुत्र टिसूर सोनकर नि0 दलाल टोला थाना केराकत जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1– मु0अ0सं0 27/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1 – उ0नि0 हैदर अली, का0 हिमांशु यादव,का0 पुष्पेन्द्र वर्मा थाना केराकत जनपद जौनपुर।

# थाना शाहगंज पुलिस द्वारा एक तमन्चा व एक कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी शाहगंज व प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शाहगंज की पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान गन्ना कृषक डिग्रा कालेज ताखापश्चिम के पास से एक तमंचा व एक कारतुस जिन्दा .315 बोर के साथ अभियुक्त गुड्डू उर्फ सावंत पुत्र राजेन्द्र नि0 अर्गुपुरखुर्द थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 20/2022 धारा 3/25 ए एक्ट पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम पताः– 1 गुड्डू उर्फ सावंत पुत्र राजेन्द्र नि0 अर्गुपुरखुर्द थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0 20/2022 धारा 3/25 ए एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरणः– 1. एक तमंचा व एक जिन्दा कारतुस .315 बोर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीमः– 1. व0उ0नि0 श्री जयप्रकाश यादव ,हे0का0 राजकुमार यादव,का0 बिकेश चौहान ,का0 मंटू प्रसाद ,का0 अंकुश कुमार सिंह थाना शाहगंज जौनपुर।

# कनक यादव कि भोजपुरी फिल्म 'जन्मदाता' का ट्रेलर आज होगा रिलीज

मुंबई ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : डायमंड म्यूजिक एंटरटेनमेंट प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म 'जन्मदाता' का ट्रेलर आज 17 जनवरी 2022 को प्रिया विडिओ से रिलीज होगा। ये जानकारी आज फिल्म के निर्माता सुशील कुमार यश ने दी। उन्होंने बताया कि 'जन्मदाता' एक स्वच्छ पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी मनोरंजक फिल्म है, जिसकी झलक कल साढ़े 4 बजे दर्शकों को देखने को मिलेगी। यह बेहद खास होने वाला है, इसलिए भोजपुरी के सुधि दर्शकों से अपील है कि आप फिल्म का ट्रेलर जरुर देखें। उन्होंने बताया कि 'जन्मदाता' के ट्रेलर को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। हमारी इस फिल्म में हर्षवर्धन निराला और कनक यादव मुख्य भूमिका में हैं, जबकि उनके साथ कृत कुमार, नीलम नीलू, अयाज खान, सपना पांडेय, विद्या सिंह, सागर वर्मा, शुभाँगी ,गिरी, रविंद्र सिंह, ओम काशी, विवेक प्रजापति, दक्ष कुमार, अमित चौधरी, पारस नाथ, पूजा विश्वकर्मा, ओम बरनवाल, भोला गुप्ता भी नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन रुस्तम अली चिश्ती ने किया हैं, जो अब तक कई फिल्मों को निर्देशित कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म जन्मदाता के लेखक अरविंद यादव हैं। म्यूजिक साहिल खान हैं। सिंगर हनी बी, आकाश मिश्रा, अखिलेश सिंह और समीक्षा हैं। डीओपी विजय महाजन हैं। लिरिक्स सोनू शर्मा और



ब्लिस्टर बेहद हैं। प्रचारक संजय भूषण पटियाला ,एक्शन अली मंसूर का है। असिस्टेंट डायरेक्टर अभिषेक सम्राट, गुड्डू बिहारी, ब्रिजेश यादव ( गुड्डू) हैं।

# थाना बक्सा पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय द्वारा जारी धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस अभियुक्तगणों के घरों पर की गयी चस्पा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर, श्री अजय कुमार साहनी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन व पर्वेक्षण में दिनांक 16/01/2022 को थानाध्यक्ष बक्शा दिव्य प्रकाश सिंह द्वारा अभियुक्तगण 1. धनन्जय यादव पुत्र संग्राम यादव निवासी चुरावनपुर थाना बक्सा,जौनपुर 2. संन्दीप यादव पुत्र पारसनाथ यादव निवासी बड़ारी थाना बक्सा,जौनपुर 3. धर्मेन्द्र यादव पुत्र राजनाथ यादव निवासी केशवपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 335/2021 धारा 302÷120ठ÷34 प्ब्छ थाना बक्सा जनपद जौनपुर के विरुद्ध मा0 न्यायालय द्वारा जारी की गयी धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस की तामिला डुगडुगी बजाकर व मुनादी कराते हुये अभियुक्तगण उपरोक्त के घर पर क्रमशः बाकायदा नोटिस चस्पा की गयी एवं सार्वजनिक स्थलों पर डुगडुगी/मुनादी करवाकर अभियुक्तगणों के विरुद्ध बताया गया ।

# उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में अर्ध सैनिक बल व नेवढ़िया पुलिस ने किया पैदल मार्च

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं अर्चना ओझा व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं संत प्रसाद उपाध्याय के नेतृत्व में नेवढ़िया पुलिस व छठवी वाहिनी आईटीबीपी के सैनिक के साथ क्षेत्र के नेवढ़िया बाजार से पैदल मार्च करते हुए खेतापुर, दीपापुर, इटाये बाजार से होते हुए रामनगर तक पैदल मार्च कर बाजार वासियों को आश्वस्त कराये कि आप लोग भयमुक्त होकर अपने मत का प्रयोग करेंगे साथ ही क्षेत्रिय व बाजार वासियों से अपील भी किये की किसी भी व्यक्ति को किसी तरीके का सरारती तत्वों द्वारा दबाव दिया जाये तो उसकी सूचना तत्काल नेवढ़िया पुलिस व पुलिस के सीयूजी नंबर व 112 नंबर की पुलिस को दें जिससे समय रहते उक्त समस्या का निस्तारण किया जा सके।इस दौरान थानाध यक्ष नेवढ़िया विश्वनाथ प्रताप सिंह उप निरीक्षक सुनील तिवारी,धर्मेन्द्र प्रताप,सुदर्शन यादव,अरविंद एवं नेवढ़िया थाने के समस्त पुलिसकर्मी व एक कंपनी अर्ध सैनिक बल के जवान रहे।

## अराजक तत्वों से न डरें, निर्भीक हो कर करें मतदान : हिमांशु

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : के रीठी स्थित श्री राम इंटर कॉलेज पर रविवार को आयोजित चौपाल में एसडीएम सदर हिमांशु नागपाल व सीओ रणविजय सिंह के साथ फ्लाइं स्क्वाड मजिस्ट्रेट प्रदीप मौर्या ने आगामी 7 मार्च को होने वाले विधान सभा चुनाव के बारे में मतदाताओं से सीधा संवाद कर आवश्यक जान कारी दिया। एसडीएम सदर ने लोगों को आश्वस्त किया आप निर्भीक हो कर मतदान में भाग लें।किसी भी तरह की अव्यवस्था अथवा अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वों में खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएवी। किसी प्रकार की कोई परेशानी होने पर स्थानीय थाने से लेकर हम तक सूचना दे सकते है उस पर त्वरित कार्यवाही और साथ साथ उस व्यक्ति की मदद की जाएगी चाहे कोई प्रलोभन दे रहा हो या डरा ध ामका रहा हो सीधे सूचना दें।मतदान आपका अपना अधिकार है इसमे जरूर हिस्सा ले। कहा कि चुनाव के दौरान कोई गलती करने की सोच भी रहा है तो अपने मन से निकाल दे नहीं तो इतनी कठोर कार्यवाही की जाएगी कि वह सोच भी नहीं सकेगा। इसी क्रम में सी ओ सदर रणविजय सिंह ने कहा कि किसी के डराने धमकाने अथवा लालच देने में मत आइए यह मतदान एक पर्व है इस पर्व को सफल बनाने में आपकी अहम भूमिका होगी।आपकी हर परेशानी में पुलिस आपके साथ है। मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ,विनोद कुमार सिंह ,दुर्गेश मिश्रा ,गुलाब यादव लाल प्रताप यादव सहित बड़ी संख्या में लोग रहे।

# दहेज हत्या के आरोपित सास ससुर व पति को जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बड़सरा गांव में गत शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थिति में फांसी पर झूलती मिली विवाहिता की लाश के मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर दहेज हत्या के आरोपित बनाए गए सास, ससुर और पति को पुलिस ने रविवार को उनके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक कार्यवाही के बाद तीनों को चलान न्यायालय भेज दिया गया। गाँव निवासी विकास यादव की पत्नी लक्ष्मी देवी का उसके कमरे में साड़ी के फंदे से झूलती लाश पायी गयी थी। मामले में मृतका के पिता श्यामबली यादव ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपितो की तलाश शुरू कर दी। घटना के दिन ही पुलिस ने ससुर लालचंद को हिरासत में ले लिया था। रविवार की भोर में सास सुनीता और पति विकास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अश्विनी दूबे, हेड कांस्टेबल संजय ओझा, सुभम मिश्रा, महिला कांस्टेबल रिंका मौर्या सामिल रही।

# कई ईट भट्ठो पर पुलिस ने की छापे मारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाल लक्ष्मण पर्वत द्वारा अपने हमराही पुलिस कर्मियो के साथ क्षेत्र के कई ईट भट्ठो पर छापेमारी की जा रही है । कोतवाल लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि ग्राम उदयचंदपुर, बांसवारी व बम्मावन ग्राम स्थित ईट भट्ठो रविवार को छापेमारी की गयी। तथा तथा ईश्वर पर काम करने वाले मजदूरो से काफी पूछताछ करने के साथ तलाशी व चेकिंग भी गयी ।यह उन्होंने बताया कि आगामी विधान सभा के चुनाव को देखते हुए कहीं ईट भट्ठो पर अवैध शराब तो नहीं बन रही है। उसको ध्यान में रखकर ही यह छापेमारी की जा रही है। फिल हाल अभी तक कोई शराब नहीं मिला । लेकिन यह छापेमारी अभी भी जारी रहेगी।

# स्थानीय कस्बे में स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से अवैध ढंग से चल रहे नर्सिंग होम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कस्बे में स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से अवैध ढंग से चल रहे नर्सिंग होम ध ाड़ल्ले से प्रसूताओं का ऑपरेशन कर मोटी रकम वसूलने में लगे हैं। इस दौरान अगर केस बिगड़ जाता है तो उसे एंबुलेंस के माध्यम से जौनपुर या वाराणसी रेफर कर अपना पीछा छुड़ा लेते हैं। अधिकतर रेफर के मामलों में प्रसूता का मरना तय रहता है। एक सप्ताह पूर्व नगर के मिश्राना मोहल्ला के रहने वाले अक्षय कुमार मौर्य की पत्नी ललिता मौर्या की नगर के राजन हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान हुई मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि तब तक रविवार को ग्राम परियावा थाना लाइन बाजार निवासी उमाशंकर गुप्ता की पत्नी रेशमा गुप्ता 24 की नगर के एक चर्चित निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान ऑपरेशन के बाद अधिक रक्तस्राव होने से उसकी मौत हो गई। रेशमा गुप्ता के पति उमाशंकर गुप्ता ने सोमवार को मड़ियाहूं कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि नगर के एक निजी अस्पताल में मैं अपनी पत्नी को डिलीवरी के संबंध में 6 दिसंबर को लेकर आया था वहां पर चिकित्सकों द्वारा अल्ट्रासाउंड, ब्लड प्रेशर सहित सभी जांच पड़ताल कर कहा कि बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। प्रसूता की समय होने पर साधारण डिलीवरी हो जायेगी। जब मेरी पत्नी को 15 जनवरी को दर्द हुआ तो मैं दोपहर में ही उसे लेकर उनके अस्पताल पहुंच गया। जांच के बाद चिकित्सक ने कहा कि जच्चा बच्चा दोनों ठीक है नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी मैं पूरी तरह आश्वस्त होकर कहा ठीक है मगर कुछ ही देर बाद चिकित्सक ने कहा कि नहीं ऑपरेशन होगा जिस पर उमाशंकर ने कहा मैं सदर ले जाऊंगा वहां ऑपरेशन करवा लूंगा मगर चिकित्सक तब तक जबरदस्ती ले जाकर ऑपरेशन कर दिये। अप्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन करने से अधिक रक्तस्राव होने के कारण शाम को उसकी हालत बिगड़ गई तब चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया हम लोग उसे किसी तरह ईशा हॉस्पिटल जौनपुर ले गए जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में कोतवाल अशेषनाथ सिंह ने बताया कि मृतका के परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए बिना शव का पोस्टमार्टम कराए उसका अंतिम संस्कार कर दिए फिर भी तहरीर मिली है जांच की जाएगी।

## अपने बदहाली पर आँसू बहा रहा तारुन ब्लाक में स्थित चौबेपुर गांव : सपा नेता पप्पू सिंह ने गांव के विकास के लिए किया वादा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है।उसी के साथ–साथ जिला व पुलिस प्रशासन कोरोना संक्रमण के बीच इस चुनाव को शांति पूर्वक व निष्पक्ष रुप से सम्पन्न कराने के लिये एड़ी चोटी एक कर दिया है।इसी कड़ी में राजनैतिक गलियारों में मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने के लिए सभी दलों के प्रत्याशी भी जी जान से जुट गए हैं प्रदेश में जहां एक ओर राजनीतिक गलियारों में आना–जाना जारी है।वहीं इसी कड़ी में अयोध्या जिले सभी विध ाानसभा में सभी दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।रविवार को जिले के तारुन विकासखंड के जाना बाजार के चौबेपुर ग्राम में समाजवादी पार्टी के गोसाईगंज विधानसभा से पूर्व विधायक अभय सिंह के साले व सपा नेता पप्पू सिंह जाकर लोगों से अपने पार्टी के लिए वोट मांगा।वही इस मौके पर चौबेपुर गांव के निवासियों ने इस गांव की दुर्दशा के बारे में भी एक ही सुर में उनको बताया कि इस गांव का विकास आज तक नहीं हो पाया है।आस पास के गांव में विकास हो रहा है लेकिन यह गांव आज भी विकास से अछूता है।इस मौके पर चौबेपुर गांव के मूल निवासी शशांक श्रीवास्तव ने इस गांव के विकास को लेकर उनके सामने कहा कि हम उसी पार्टी को वोट देंगे जो पार्टी इस गांव का चौमुखी विकास करेगा।क्योंकि आज तक इस गांव में सड़क, नाली, पेयजल की मुख्य समस्या है।अभी तक हम सभी इस गंभीर समस्या से निजात नही पा सके।इसी कड़ी में इसी गांव के समाजसेवी अतुल यादव ने अपने पार्टी के लिये वोट मांगने आए। गोशाईगंज विधानसभा सपा से पूर्व विध ाायक अभय सिंह के साले व सपा नेता पप्पू सिंह से अपनी बात रखते हुए कहा कि आज तक चौबेपुर गांव का विकास नहीं हुआ।उन्होंने इस मौके पर कहा कि इस गांव की दुर्दशा उस समय और भी बदतर हो जाती है जब बरसात का महीना होता है।क्योंकि इस गांव से लगी पक्की सड़क से आने के लिए लोगों को अपने घरों तक पैदल आने में काफी ही ही दुश्वारियां उठानी पड़ती है और यहां तक कि चार पहिया वाहन तो आ ही नहीं सकता है।उन्होंने बताया कि अगर बारिश के समय किसी के यहां कोई कार्यक्रम पड़ता है तो लोगों को मजबूरी में या तो अपने कार्यक्रम सड़क के उस पार करना पड़ता



है या फिर काफी मशक्कत उठानी पड़ती है। वह इसी कड़ी में एक स्वर में इसी गांव के निवासी भरत यादव,लक्ष्मण यादव, रामकुमार यादव,राम यज्ञ यादव,श्यामलाल,सोनू यादव, अंकित यादव, सुमित श्रीवास्तव, आंसू श्रीवास्तव,सचिन यादव, सौरभ यादव,सहित दर्जनों लोगों ने इस गांव से जुड़ी अनेक समस्याओं को इनसे बताया और कहा कि हम उसी पार्टी को वोट देंगे जो इस गांव का विकास करेंगे।वही इस मौके पर वोट मांगने आए गोसाईगंज विधानसभा से पूर्व विधायक अभय सिंह के साले पप्पू सिंह ने लोगों से वादा किया कि आप लोग एक बार हमारी सरकार बनाइये।उन्होने लोगों से कहा कि आप सभी अभय सिंह को गोसाईगंज विधानसभा से सपा से विधायक बनाए।वही अखिलेश यादव की सरकार पूर्ण बहुमत में लाएं तो हम आपसे वादा करते हैं कि इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास अवश्य होगा चाहे वह समस्या सड़क से जुड़ी हो सफाई से जुड़ी हो पेयजल से जुड़ी हो हम आप सभी की समस्याओं को जरूर दूर करेंगे वहीं इसी कड़ी में इस गांव में सपा पार्टी के अलावा और भी कई पार्टियों के लोगों का आना–जाना शुरू हो गया है और सभी लोग यही कह रहे हैं कि हम आपके क्षेत्र का विकास करेंगे। लेकिन हमारी पार्टी से प्रत्याशी को जिताने व हमारे पार्टी को पूर्ण बहुमत में सरकार बनाएं तो हम आपसे वादा करते हैं कि आपके क्षेत्र का पूरे प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा।फिलहाल चुनाव के दिनों में सभी पार्टियों से जुड़े राजनेता प्रत्याशी व उनके कार्यकर्ताओं द्वारा विकास के बड़े–बड़े दावे तो किए जाते हैं परंतु हकीकत यह है कि चौबेपुर गांव में आज भी स्थित वही है जो बीस साल पहले था।ना तो इस गांव में सड़क ही बनी है और ना ही पेयजल की समस्या में सुधार हुआ है अब यह देखना है कि इस चुनाव में आने वाले प्रत्याशी या उनके कार्यकर्ताओं द्वारा जीतने के बाद इस गांव के विकास पर क्या कार्य करते हैं।यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## बिना सूचना के मुख्यालय से बाहर पाये जाने पर एक्स0ई0एम0 सरयू नहर खण्ड के एक दिन का वेतन रोकने के दिये निर्देश

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिलाधि ाकारी नितीश कुमार ने गुप्तारघाट व उसके पास निर्माणाधीन पार्क में किये जा रहे इंटरलाकिंग व अन्य कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गुप्तारघाट के पूर्व में किये गये निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया तथा निर्देशानुसार बाकी कार्य को भी शीघ्रातिशीघ्र सहीध पूर्ण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। तदोपरांत जिलाधि ाकारी ने गुप्तारघाट के बगल सिंचाई विभाग द्वारा बनाये जा रहे पार्क के किये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क में किये जा रहे इंटरलाकिंग कार्य में जीएसबी में का मानक के अनुरूप प्रयोग न करने पर संबंधित जे0ई0 अजय कुमार व राजेश प्रताप सिंह को लगायी फटकार। इस दौरान स्टीमेट की कापी भी मौके पर न उपलब्ध कराने पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी तथा भविष्य में सभी वर्किंग साइटों पर अनिवार्य रूप से स्टीमेट की कापी रखने के साथ ही संबंधित जे0ई0/ए0ई0 को मौके पर नियमित रहकर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कार्य कराने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा इंटरलाकिंग ईट को सैम्पल भी जांच हेतु एकत्रित किया।इस दौरान जिलाधिकारी ने बिना सूचना के मुख्यालय से बाहर पाये जाने पर एक्स0ई0एम0 सरयू नहर खण्ड जय सिंह का आज दिनांक 15 जनवरी 2022 का वेतन रोकने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान संबंधित सहायक अभियन्ता संजय कुमार शुक्ला भी अनुपस्थित पाये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यो की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नही किया जायेगा। संबंधि ात जे0ई0 व ए0ई0 अपने–अपने साइटों पर नियमित रूप से रहकर स्टीमेट के मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। समय–समय पर संबंधित एक्स0ई0एन0 भी कार्यो का निरीक्षण करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर संबंधि ात पर कड़ी कार्यवाही तथा रिकवरी करायी जायेगी। उन्होंने गुप्तारघाट व पार्क को आकर्षक दृश्य देने, अच्छी गुणवत्ता की रंग बिरंगे ब्रिक्स का प्रयोग कर सम्पूर्ण क्षेत्र को मनोहारी बनाने के निर्देश दिये।

## कोरोना नियमों की जमकर उड़ाई जा रही धज्जियां

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : आठ जनवरी को चुनाव आयोग ने चुनाव के तारीखों का ऐलान किया और उसके बाद आचार संहिता लगी आचार संहिता लगने के बाद कई पार्टियों में भगदड़ मची इस पार्टी के नेता उस पार्टी में उस पार्टी के नेता इस पार्टी में इसी बीच करोना महामारी को देखते हुए चुनाव आयोग ने गाइडलाइन के हिसाब से राजनीतिक पार्टियों को अपने चुनाव प्रचार करने का कहा साथी 15 जनवरी तक सभी जुलूस रैलियों और सभाओं पर रोक लगा दी आज 22 तारीख तक उस डेट को बढ़ा दिया गया जिसमें सभी जुलूस रैलियों और सभाओं पर रोक है यहां तक की खबरों के मुताबिक लखनऊ में आम आदमी पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए भी रोक लगाई गई लेकिन आज अयोध या में समाजवादी पार्टी में जमकर करोना प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाई गई मौका था स्वामी प्रसाद मौर्या के करीबी माने जाने वाले बलराम मौर्या के स्वागत का जहां लखनऊ से आने के बाद अपने भारी लाहौर लश्कर के साथ आज रीड गंज चौराहे से पैदल अपने समर्थकों के साथ गुलाब बाड़ी समाजवादी कार्यालय पहुंचे इस बीच देखा गया कि 90: लोग मास्क नहीं लगाए थे और ना ही सोशल डिस्टेंसिंग की कोई बात दिख रही थी और ना ही सैनिटाइजर का कोई इंतजाम था हर पार्टी के समर्थक अपनी–अपनी पार्टियों को जिताने का प्रयास कर रहे हैं और करेंगे लेकिन जो जिला प्रशासन की गाइडलाइन जारी की गई है उसका आज खुलेआम मजाक उड़ाया गया और कहीं पर कोई भी करोना नियमों का पालन होता नहीं दिखा जहां समाजवादी सरकार बनाने के लिए आतुर दिखाई दे रही है तो वहीं दूसरी ओर किसी भी नियमों का पालन नहीं कर रही है और सभी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई।

## बीएसपी के जिला अध्यक्ष महेंद्र आनंद द्वारा कोरोना नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की मांग

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुई करोना नियमों के उल्लंघन को लेकर लगातार अन्य पार्टियों की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं जहां काग्रेस के कृष्ण कुमार गौतम ने कार्यवाही की मांग की है तो वही बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र आनंद ने भी चुनाव आयोग और जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है आज स्वामी प्रसाद मौर्या के करीबी बलराम मौर्या समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचे थे जहां उनका स्वागत होना था पर रीड गंज चौराहे से वह पैदल अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी कार्यालय गुलाब बाड़ी पहुंचे थे जहां समाजवादी कार्यालय पर और उनके समर्थकों ने किसी भी करोना गाइडलाइन का पालन नहीं किया और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए जहां बलराम मौर्य का स्वागत किया गया 90: लोगों के मुंह पर ना मास्क था ना सोशल डिस्टेंसिंग ना सैनिटाइजर का इंतजाम इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र आनंद ने कहा जहां एक और चुनाव आयोग ने किसी भी रैली सभा पर रोक लगा रखी है तो वही आज खुलेआम समाजवादी पार्टी कार्यालय पर क्रोना प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ती देखी गई बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र आनंद ने चुनाव आयोग और जिला प्रशासन से कारवाई की मांग की है।

## सुरक्षा बलो ने कुमारगंज क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर मतदान व आचार संहिता के पालन करने की अपील

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)जिले के थाना कुमारगंज में सुरक्षा बलो ने फ्लैग मार्च किया।विधानसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कुमारगंज पुलिस व सीआईएसएफ के जवानों ने दोपहर को फ्लैग मार्च किया। आचार संहिता का पालन करने तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में जनता से मतदान करने की अपील की। काफी संख्या में रोड पर पुलिस व सीआईएसफ के जवानों को देखकर लोग काफी सशंकित नजर आये। थाना कुमारगंज क्षेत्र में सीओ आर के श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों ने कुमारगंज , सिधारी बाजार, जोरियम, सरायधनेठी, पालपुर तुरशमपुर , बहादुरगंज घोड़वल, इमामगंज सिधौना सहित थाना क्षेत्र के कई गांवों ने फ्लैग मार्च किया। कोई प्रलोभन दे तो पुलिस को बताएं।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी आर के श्रीवास्तव ने कहा कि विधानसभा चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है। जिसमें किसी के बहकावे में ना आएं। यदि कोई प्रलोभन देने की कोशिश करता है तो पुलिस को अवगत करायें। थानाध्यक्ष वीर सिंह ने फ्लैग मार्च के दौरान आम जनमानस से मिलकर विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अपील करते हुए कहा कि चुनाव में गड़बड़ी करने वालों व अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएेगी। फ्लैग मार्च में एएसआई सीआईएसफ देवनाथ दत्त, कुमारगंज थाने के उपनिरीक्षक उमेश कुमार वर्मा, संतोष कुमार मौर्या, राजाराम सहित बड़ी संख्या में पुलिस व सीआईएसफ के जवान मौजूद रहे।

## सूत्र के मुताबिक यूपी विधान सभा चुनाव 2022 होगा योगी बनाम अखिलेश

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)आपको क्या लगता है, ये उत्तर प्रदेश का चुनाव बीजेपी–योगी बनाम सपा–अखिलेश होने जा रहा है? नहीं ये तो चुनावों की घोषणा हुई है किंतु युद्ध तो काफी पहले से शुरु हो चुका है। और ये युद्ध बीजेपी योगी बनाम किसी राजनीतिक पार्टी के बीच नहीं है। ये चुनाव रुपी युद्ध योगी बनाम राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय हिंदू अथवा राष्ट्र विरोधी ताकतों के बीच होगा। अखिलेश तो केवल निमित्त है क्योंकि कोई तो राजनीतिक दल चाहिये मैदान में हिंदूओं को हराने के लिए। अखिलेश कुछ भी करे,उसके चेहरे को सामने रख युद्ध लडेंगी सभी वो लेफ्टिस्ट/इस्लामी/ईसाई/विकास/राष्ट्र विरोधी ताकतें और भ्रष्टाचार की जननी जिन्हें हर कीमत पर हिंदूवादी ताकतों को दोबारा सत्ता पर आने से रोकना ही रोकना है, चाहे कुछ भी दाँव पर लगाना पड़े। और दाँव पर इतना कुछ लगाया जाने वाला है कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ होगा। ये जो 200 करोड़ नकद और सोना चांदी पकड़े गये हैं रेड मे ये तो कुछ भी नहीं। हजारों करोड़ दांव पर लगाया जाने वाला है। उसका कारण है। ये है कि सभी हिंदू विरोधी शक्तियां मान चुकी हैं कि बिना उत्तर प्रदेश जीते 2024 या भारत या भारत के सॉफ्ट हिन्दुओं को नहीं जीता जा सकता। हर ताकत(मुस्लिम या ईसाई) को सॉफ्ट हिंदू चाहिए धर्मांतरण के लिए, जिसमें सबसे बड़ी बाधा ये हिंदूवादी ही हैं और बिना धर्मांतरण के गजवाऌएऌहिंद असंभव है। और ये ताकतें आज सर पर कफन बांध कर यूपी का चुनाव लड़ने जा रही हैं क्योंकि अगर वो 2022 और 2024 दोनों हार जाते हैं तो इस सब ताकतों का हमेशा के लिये भारत की धरती से अस्तित्व खत्म हो जायेगा। ये आरपार का युद्ध होने जा रहा है। ये करो या मरो होने जा रहा है। ये चुनाव नहीं होने हैं, कुछ और होना है। ये उन गजवा ए हिंदध भ्रष्टाचारियों की विभिन्न ताकतों और उनके अस्तित्व की आखिरी लड़ाई है। वो हर कीमत पर इसे यानि उत्तर प्रदेश को 2022 में जीतना चाहते हैं। वरना वो सभी खत्म।इसलिये किसी भ्रम में मत रहना ये आसान चुनाव नहीं होने हैं। ये एक भयंकर युद्ध होना है।यदि हिंदू इस बार कुछ भी चूक कर गये तो हिंदू गये और अगर इस भयंकर षडयंत्र को समझकर एक हुए जीतते हैं, तो वो सब गये ये यही समीकरण है। बहुत संभलकर, बहुत सावधान होकर, आँख–कान–नाक–दिमाग सतत सक्रिय रखकर लड़ना है ये युद्ध है, दाँव पर अस्तित्व का मामला है।

### यूपी चुनाव के पहले समाजवादी खेमे में आज लग सकती हैं बहुत बड़ी सेंध

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : अपर्णा यादव के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की पुख्ता खबर विदित हो कि अभी जल्द ही में हरिओम यादव मुलायम सिंह जी के समधी अपर्णा यादव के पिता भाजपा का दामन थाम चुके हैं आज 10:00 बजे भाजपा कार्यालय में कई लोग जॉइनिंग करेंगे उसी दौरान मुलायम की छोटी बहू अपर्णा यादव भी ज्वाइन करेंगे तो अखिलेश यादव के लिए एक बहुत ही बड़ा झटका होगा भाजपा को एक बड़ी संजीवनी मिलेगी आपको बता दें कि अपर्णा यादव काफी समय से समाजवादी पार्टी के साथ थी लेकिन बीच–बीच में अपने वक्तव्य से सपा को कटघरे में खड़ी करती रही है तो वही टिकट के बारे में भी जैसा की सूत्र बता रहे हैं उनकी अनदेखी की गई है परिवार में काफी दूरियां चल रही थी सीध ेे तौर पर परिवार की बुराई तो उन्होंने नहीं की लेकिन उनकी बगावती तेवर बराबर दिखाई दे रहा था बीच–बीच में मुख्यमंत्री की भी तारीफ वह करती रही और मुख्यमंत्री की गौशालाओं में भी जा कर वे वहां भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करती रही हैं तो आज से वह भारतीय जनता पार्टी की हो जाएगी ऐसा सूत्रों का पुख्ता दावा ऐसे में समाजवादी पार्टी के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है।

## विकास के नाम पर ठगे गए कौशलपुरी कॉलोनी वासी : मानक विहीन बनी सडके सी एम से हुई शिकायत

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में अयोध्या के विकास का जो खाका खींचा गया था वह बेनामी साबित हो रहा है। यहां के विकास की प्रमुख जिम्मेदारी निभाने वाली अयोध्या विकास प्राधि ाकरण, कर्मियों की कार्यप्रणाली से लूट का अड्डा साबित हो रही है। जिले की सबसे महंगी जमीन खरीद कर आधुनिक सुविधाओं युक्त कौशलपुरी कॉलोनी वासियों को सपना दिखाने वाला विकास प्राधिकरण की घटिया कार्य प्रणाली से यहाँ के लोग अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।कॉलोनी के लगभग 4000 आंवटियो की सुविध ाा के लिए प्राधिकरण ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के विकास की योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए यहां की सड़कों नालियो नाले और सीवर लाइन ठीक करके चमकाने के लिए अखबार में निविदा का प्रकाशन कराकर चुनाव आचार संहिता के पूर्व विकास कार्य शुरू कराया गया है। सड़कों का निर्माण घटिया और मानक के विपरीत हो रहा है उसके किनारे बने सिवर लाइनो के मेन होलो को जेसीबी मशीनों से तोड़ दिया गया था जिसके चलते कॉलोनी वासियों के घरों में स्थित लैट्रिन के सीवर लाइन जाम हो गई है, जिसका कोई पुरसा हाल नहीं है। मुख्य रूप से राधे डिपार्टमेंटल स्टोर के बगल से सीवर लाइन का ढक्कन जेसीबी मशीन से टूट गया था और उसी में गिर गया था जिसे आज तक नहीं निकाला गया। ऊपर से सीमेंट से बंद करके , काम समाप्त कर दिया गया है।निर्माण एजेंसी प्राधिकरण और मुख्यमंत्री कार्यालय को दी गईआनलाईन शिकायतो पर समाचार लिखने तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अभी हाल में बनी सड़क भी कई जगह से मानक के विपरीत बनने के चलते धस गई है और तारकोल उखड़ने लगे हैं और सड़क के किनारे लगे प्योर ब्लॉक ईंट भी मानक विहीन होने के कारण जगह जगह से टूट रहे है।सडक के किनारे इसे सीमेंट से पैचिंग नहीं की गई है।प्योर ब्लॉक ईट मानक विहीन होने से जरा सा धक्का लगने पर टूट कर बिखर जा रही है। स्थानीय कॉलोनी वासियों ने इसकी जांच टीएसी से करा कर सरकारी धन की लूट का खुलासा कराने की मांग की है। कार्यदाई संस्था प्राधिकरण के अभियंता गण और ठेकेदारों की सांठगांठ के चलते सरकारी धन की खुल्लम–खुल्ला लूट हो रही है। स्वच्छ भारत अभियान पीएम द्वारा पूरे देश में चलाया जा रहा है परंतु यहां पर कोई सफाई की व्यवस्था नहीं है कॉलोनी में बने हुए आधा दर्जन से अधिक पार्क बदहाल हैं जबकि इनकी रख रखा और सफाई पर कई बार प्राधिकरण ने लाखों रुपया निकाला कर खर्च किया है ।पूरे देश में प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं जबकि कौशलपुरी कॉलोनी में सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है जगह जगह पर और सड़कों पर कूड़े के ढेर पड़े हुए है। कितने दिन से खाली कितने का बना है प्राधिकरण में बनी हुई करोड़ों रुपए खर्च करके पानी की टंकी बदहाल है इससे कॉलोनी वासियों के घरों में जाने वाले पाइप से आने वाला पानी बदबूदार और लैट्रिन युक्त आता है जो कई जगह टूट टूट कर सीवर लाइनों से जुड़ा है और पाईपलाइन का गंदा पानी बदबूदार आता है जिसे कॉलोनी वासी यूज नहीं करते इस तरह से प्राथमिकता की सुविधा में आने वाले शुद्ध पेयजल सफाई व्यवस्था का कोई पुरसा हाल नहीं है इसे कॉलोनी वासियों ने अविलंब ठीक कराकर शुद्ध पेयजल मुहैया कराने में सफाई व्यवस्था की कराने की मांग की है।

## अयोध्या विधानसभा सीट से प्रत्याशी को लेकर भाजपा में चर्चा तेज

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर सीट से विधानसभा चुनाव लड़े जाने की घोषणा के बाद अयोध या विधानसभा सीट से प्रत्याशी को लेकर भाजपा में चर्चा तेज। वर्तमान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के अलावा इस बार ब्राह्मण चेहरा उतारने को लेकर लगातार हो रहा है मंथन। ब्राह्मण अथवा क्षत्रिय समाज से प्रत्याशी उतारे जाने को लेकर चर्चा तेज। समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी तेज नारायण पाण्डेय पवन के ब्राह्मण और मजबूत प्रत्याशी होने के नाते भाजपा भी समीकरण बिठाने में जुटी। ब्राह्मण चेहरा में भाजपा के महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय का नाम संभावित प्रत्याशियों की दौड़ में शामिल। क्षत्रिय समाज से भाजपा के युवा नेता व सांसद लल्लू सिंह के पुत्र विकास सिंह तथा भाजपा के युवा नेता हर्षवध र्न सिंह का भी नाम शामिल। वहीं पिछड़ा कार्ड खेलते हुए बजरंगी के नाम से मशहूर पूर्व राज्यसभा सांसद विनय कटियार को भी अयोध्या की महत्वपूर्ण सीट से चुनाव लड़ाये जाने की संभावना जताई जा रही है।

## विधानसभा चुनाव में नेता ही नहीं पुलिस भी साबित हो रहे मौसम विज्ञानी

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) चुनाव का रुख भांपने में राजनीतिक दलों के नेता ही नहीं पुलिस उनसे भी ज्यादा जानकार है। ये वो पुलिस है जिस पर सत्ता के इशारे पर विरोधियों के उत्पीड़न के आरोप लगते रहे हों। चाहे वह मायवती, अखिलेश यादव या फिर योगी आदित्यनाथ की सरकार हो। अगर वही पुलिस विधानसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के नेताओं के प्रति नरम दिखने लगे तो उसके हृदय परिवर्तन को लेकर सवाल उठेंगे ही। बात हम कर रहे हैं विधानसभा चुनाव को भयमुक्त, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस निरोधात्मक कार्रवाई की। कोतवाली नगर पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई के लिए धारा 111 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत पांच सौ से अधिक लोगों को पाबंद करने के लिए जो चालानी रिपोर्ट नगर मजिस्ट्रेट सत्येंद्र सिंह की अदालत में भेजा है, उसमें इस बार समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों का नाम बड़ी मुश्किल से खोजे मिलेगा। पांच सौ से अधिक लोगों को पाबंद करने की कोतवाली नगर पुलिस की चालानी रिपोर्ट में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों में एक नाम महानगर कमेटी के सचिव शंकरजीत यादव का है। वैसे कोतवाली नगर पुलिस की चालानी रिपोर्ट में एक और महत्वपूर्ण नाम पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बब्लू का भी है। भाजपा से गठबंधन में शामिल निषाद पार्टी से वह बीकापुर से टिकट के दावेदार हैं। चालानी रिपोर्ट के अन्य नामों में एक भी ऐसा नाम नहीं है जो समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं महत्वपूर्ण चेहरे में शामिल हो। इससे पहले कोतवाली नगर पुलिस पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन तक से निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने की आशंका में पाबंद करने के लिए चालानी रिपोर्ट भेजने में नहीं हिचकती रही। पवन ने कहा, लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के अंदेशे में चालानी रिपोर्ट तो कोतवाली नगर पुलिस ने भेजी थी, हो सकता है कि इस बार हवा का रुख भांपकर उसे खतरा न लग रहा हो। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदेय स्थलों की पहचान हो चुकी है। निर्वाचन क्षेत्र को जोन व सेक्टर में बांटा जा चुका है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस का होमवर्क लगातार जारी है।

### दिव्यांग नेता ने मनाया सपा सांसद का जन्मदिन

अयोध्या। (अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर)किसान महिलाओं के बीच गरीब किसान महिला से केक कटवा कर पूर्व सांसद, नारी शक्ति डिंपल यादव जी का धूमधाम से दिव्यांग सपा नेता पंडित समरजीत ने जन्मदिन मनाया।इस मौके पर उन्होंने डिंपल यादव जी के दीर्घायु तथा उज्जवल भविष्य के लिए माताओं बहनों से आशीर्वाद मांगा।जिले के विधानसभा बीकापुर क्षेत्र के ग्राम सभा दशरथपुर के चपरासी का पुरवा में किसान महिलाओं के बीच पंडित समरजीत पहुंच कर केक काटकर जन्मदिन मनाया।इस मौके पर पंडित समरजीत ने कहां–पूर्व सांसद नारी शक्ति डिंपल यादव जी सदैव महिलाओं के हक हुकूक की लड़ाई लड़ने का काम करती रहती हैं। जब जब गरीब महिलाओं के ऊपर अत्याचार हुए हैं तब तब उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूर्व सांसद डिंपल यादव जी ने सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाने का काम की है आज हमारे नारी शक्ति डिंपल यादव जी का जन्मदिन है और आप सभी माताओं बहनों से हम निवेदन करते हैं कि अपने मुखारविंद से डिंपल यादव जी को दीर्घायु तथा उज्जवल भविष्य मंगलमय होने का आशीर्वाद दे। तथा नारी शक्ति के संगठन को मजबूत बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। महिलाओं में– सरोज शर्मा, शांति देवी, पुष्पा कोरी, नीलम वर्मा, जनक दुलारी, रूचि, रूबी तथा शिवांशी आदि महाराज उपस्थित रहे।

### समाज सेवी संस्था ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बाकरगंज बाजार में नगर की समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्थाशंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया स्वास्थ्य शिविर का निर्देशन डॉक्टर सुनील कुमार चौहान एवं संचालन अनिल कुमार मौर्यद्वारा किया गया स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क बीपी शुगर इत्यादि रोगों से पीड़ित लोगों का निशुल्क जांच का उपचार किया गया साथ ही 15 से 18 वर्ष की के छात्रों का डॉ चौहान के द्वारा वैक्सीन की खुराक दी गई मौके पर उपस्थित जनसमूह को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी एवं करो ना से बचाव के उपाय भी बताइए इस अवसर पर शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय शंकर मौर्य ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि समय–समय पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की सहमत से गरीबों असहाय निर्धनों को कैंपलगाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध करा ता रहता है साथ ही जांच दवा इलाज के लिएसहयोग भी करता है उक्त स्वास्थ्य शिविर में महावीर कुशवाहा दुर्गेश कुमार विनोद कुमार अपूर्व सिन्हा वैभव कुमार परशुराम राजेश सुधाकर सुरेश रजनीश आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## भाजपा के हटते ही भारत बन जायेगा मुस्लिम राष्ट्र–जगत गुरू परमहंस आचार्य

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जगद्गुरु परमहंस आचार्य का बड़ा कहा कि भाजपा के हटते ही भारत बन जायेगा मुस्लिम राष्ट्र। जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि देश और देश की जनता को बचाने के लिये भाजपा को पूर्ण बहुमत में लाना होगा। क्योंकि सत्ता विरोधियों के मंसूबे बेहद खतरनाक हैं हिन्दुओं के वजूद को मिटाना चाहते हैं सत्ता विरोध ाी। यदि बीजेपी जरा भी कमजोर हुई तो कश्मीर से भी ज्यादा भयावह स्थिति होगी। चूँकि भारत हिन्दुओं का अन्तिम देश है और यदि चूक हुई तो मिट जायेगा हिन्दुओं का अस्तित्व। जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति गाय को माता मानने वालों की है। भारत में गोमांस खाने वाले और उनका समर्थन करने वाले अभिशाप की तरह हैं।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।